रजिस्ट्री सं० डी--(डी)--73 REGISTERED NO. D--(D)-73

CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY 2/7/81

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 17] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 25, 1981 (वैशाख 5, 1903)
No. 17] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 25, 1981 (VAISAKHA 5, 1903)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]

विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय स्टेट बैंक

केन्द्रीय कार्यालय

बम्बई, दिनांक 2 अप्रैल 1981

इसके द्वारा बैंक के स्टाफ में की गई निम्नलिखित नियुक्ति की अधिसूचना दी जाती है :—

श्री बी० के० चटर्जी को केन्द्रीय कार्यालय के स्टाफ में दिनांक 1 अप्रैल, 1981 से उप शाखा निरीक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है।

दिनांक 8 अप्रैल 1981

इसके द्वारा बैंक के स्टाफ में की गई निम्नलिखित नियुक्ति की अधिसूचना दी जाती है :—

श्री सी० सी० बॅनर्जी को केन्द्रीय कार्यालय के स्टाफ में दिनांक 4 अप्रैल 1981 से उप शाखा निरीक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है।

वी० एस० नटराजन,
प्रबंध निदेशक

एडम्बा

निम्नलिखित वक्फ़ जायदाद को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाये । यह वक्फ़ जायदाद तहसील नवां शहर जिला जालन्धर ग्राम औरर में वाका है । और यह गजट नं० 6 पार्ट तीन सैक्शन चार तिथि फरवरी 6, 1971 जिला जालन्धर के गजट का एक भाग है ।

संख्या	वक्फ़ का नाम	जिला / तहसील	जगह का नाम जहां है	रकबा	क्षेत्रफल	कीमत	वक्फ़ कब बना	वक्फ क्या है	इनको किस तरह से कन्ट्रोल किया जाता है	रिमार्कस
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
				क० म०						
2367	कब्रिस्तान	जालन्धर / नवां शहर	औरर	14—08	89 (मिन)	—	पता नहीं	धार्मिक	सैक्रेटरी पंजाब वक्फ बोर्ड ऐक्स ओफिसियो मुतवल्ली इसका बन्दोबस्त करता है ।	
				1—16	89 (मिन)					
				16—04						
				1—01	84					
				11—07	86					
				5—15	85					
				11—10	87					
				1—11	32/3/2					
				2—05	17/2					
				4—12	24/2					
				38—16	38					

ह० अपठनीय
सैक्रेटरी पंजाब वक्फ बोर्ड
अम्बाला कैन्ट

कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम

बम्बई, दिनांक 13 अक्तूबर, 1980

सं० जी० एस० आर०—कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम अधिनियम, 1963 (1963 के 10) के अनुसरण में 30 जून 1980 को समाप्त हुए वर्ष के लिये निगम के कार्य तथा 30 जून 1980 को समाप्त हुए वर्ष के लिए निगम के तुलन-पत्र तथा लाभ और हानि लेखे पर बोर्ड की रिपोर्ट नीचे प्रकाशित की जाती है।

कृ० पु० वि० नि० एक दृष्टि में

करोड़ रुपये

साधन	30 जून को समाप्त हुए वर्ष को			उपयोग	30 जून को समाप्त हुए वर्ष को		
	1978	1979	1980		1978	1979	1980
चुकता शेयर पूंजी और प्रारक्षित निधियां	59	85	90	निम्नलिखित को प्रदान किया पुनर्वित्त (बकाया)			
भारत सरकार से लिये गये उधार	428	502	645	राज्य भूमि विकास बैंक .	589	663	750
(उसमें से अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ/अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक की सहायता का अंश)	(360)	(444)	(548)	(उसमें से अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ/अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक परियोजनाओं के अधीन)	(384)	(435)	(484)
भारतीय रिजर्व बैंक से लिया गया उधार				अनुसूचित वाणिज्य बैंक .	273	372	539
दीर्घकालीन प्रवर्तन निधि	217	264	315	(उस में से अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ			
अल्पावधि	—	—	—	अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक परियोजनाओं के अधीन) .	(135)	(184)	(269)
खुले बाजार से लिये गये उधार	202	246	286	राज्य सहकारी बैंक	11	11	15
				(उसमें से अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ परियोजनाओं के अधीन)	(2)	(3)	(8)

विकास का इतिहास

करोड़ रुपये

विवरण	जून के अंत की विद्यमान स्थिति							
	1969	1974	1975	1976	1977	1978	1979	1980
चुकता शेयर पूंजी और प्रारक्षित निधियां	5	17	23	29	42	59	85	90
विशेष जमा राशियां	1	1	2	2	3	4	5	7
विशेष ऋण लेखा	—	—	—	—	—	5	7	7
सहायता ऋण	—	—	—	—	—	—	—	—
उधार :								
भारत सरकार से	26	164	197	250	340	428	502	645
भारतीय रिजर्व बैंक से	—	66	93	140	173	217	264	315
अल्पावधि	—	12	5	2	—	—	—	—
दीर्घावधि	—	54	88	138	173	217	264	315
खुले बाजार से	—	66	99	138	182	202	246	286
दिया गया पुनर्वित्त (शुद्ध)	30	310	407	549	722	874	1046	1304
डिबेंचर	28	272	344	426	525	590	661	749
ऋण	2	38	63	123	197	284	385	555
अन्य आस्तियां	1	9	14	20	30	46	62	64
निवेश और प्रारक्षित नकदी निधियां	1	—	—	—	—	23	32	26
सकल आय	1	16	22	30	41	55	69	85
कर पूर्व लाभ	1	3	4	6	8	12	14	16
देय कर	—	2	2	3	3	—	—	—
कर के बाद लाभ	—	1	2	3	5	12	14	16
अदा किया गया लाभांश	4	1	1	1	2	2	3	3

सारणी 1—पुनर्वित्त का वितरण—प्रयोजनावार (जुलाई-जून)

करोड़ रुपये

प्रयोजन	चौथी योजना		निम्नलिखित वर्षों में						30 जून 1980 तक
	1963-69£	1969-74£	1974-75	1975-76	1976-77	1977-78	1978-79	1979-80	
लघु सिंचाई	13 (43.3)	242 (84.6)	84 (79.3)	108 (63.1)	142 (64.3)	143 (61.1)	171 (60.0)	227 (55.1)	1130 (65.0)
भूमि विकास*	14 (46.7)	14 (4.9)	2 (1.9)	5 (2.9)	6 (2.7)	4 (1.7)	11 (3.8)	10 (2.4)	66 (3.8)
कृषि मशीनीकरण*	–	7 (2.5)	12 (11.3)	46 (26.9)	52 (23.5)	28 (12.0)	41 (14.4)	92 (22.4)	279 (16.1)
बागान/बागवानी	2 (6.7)	9 (3.1)	2 (1.9)	3 (1.7)	5 (2.3)	8 (3.4)	12 (4.2)	21 (5.1)	63 (3.6)
मुर्गीपालन/भेड़पालन/सुअरपालन	–	–	1 (0.9)	1 (0.6)	1 (0.4)	2 (0.9)	4 (1.4)	11 (2.7)	19 (1.1)
मत्स्यपालन	–	2 (0.7)	2 (1.9)	2 (1.2)	2 (0.9)	5 (2.2)	8 (2.8)	10 (2.4)	32 (1.9)
डेरी विकास	–	2 (0.7)	1 (0.9)	3 (1.8)	3 (1.4)	4 (1.7)	7 (2.5)	10 (2.4)	30 (1.7)
भंडार और बाजार केन्द्र	1 (3.3)	10 (3.5)	2 (1.9)	3 (1.8)	10 (4.5)	38 (16.2)	27 (9.5)	15 (3.7)	106 (6.1)
वन-उद्योग	–	–	–	–	–	1 (0.4)	1 (0.4)	1 (0.2)	3 (0.2)
समन्वित ग्रई विकास परियोजना (अ०प्र०)	–	–	–	–	–	1 (0.4)	3 (1.0)	5 (1.2)	–
गोबर गैस संयंत्र	–	–	–	–	–	–	–	1 (0.2)	1 –
अन्य	–	–	–	–	–	–	–	9 (2.2)	9 (0.5)
जोड़	30 (100.0)	286 (100.0)	106 (100.0)	171 (100.0)	221 (100.0)	234 (100.0)	285 (100.0)	412 (100.0)	1738$ (100.0)

कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े जोड़ का प्रतिशत हैं। £वर्षवार आंकड़े इसके पहले के प्रकाशनों में दिये गये हैं। *कृपया पृष्ठ 53 में विवरणिका के अधीन टिप्पणी 2 देखें। $समन्वित ग्रई विकास परियोजना में अल्पावधि वितरण शामिल नहीं है।

सारणी 2—पुनर्वित्त का वितरण—एजेंसीवार (जुलाई-जून)

करोड़ रुपए

एजेंसी	चौथी योजना		निम्नलिखित वर्षों में						30 जून 1980 तक
	1963-69£	1969-74£	1974-75	1975-76	1976-77	1977-78	1978-79	1979-80	
राज्य भूमि विकास बैंक	28 (93.4)	246 (86.0)	77 (72.6)	99 (57.9)	127 (57.4)	112 (47.9)	131 (46.0)	164 (39.8)	983 (56.6)
उसमें से अंपुवि बैंक की परियोजनाओं के अधीन	–	–	–	–	–	–	1	1	2
अंवि संघ की परियोजनायें	–	122	52	91	100	86	88	109	648
अनुसूचित वाणिज्य बैंक	1 (3.3)	28 (9.8)	28 (26.4)	71 (41.5)	93 (42.1)	120 (51.3)	150 (52.6)	239 (58.0)	729 (41.9)
उसमें से अंपुवि बैंक की परियोजनाओं के अधीन	–	1	–	1	–	–	–	1	3
अंविसंघ की परियोजनायें	–	4	10	41	55	46	72	120	346
राज्य सहकारी बैंक	1 (3.3)	12 (4.2)	1 (1.0)	1 (0.6)	1 (0.5)	2 (0.8)	4 (1.4)	9 (2.2)	26 (1.5)
उसमें से अंवि संघ की परियोजनाओं के अधीन	–	–	–	–	–	2	4	8	8
जोड़	30 (100.0)	286 (100.0)	106 (100.0)	171 (100.00)	221 (100.0)	234 (100.0)	285 (100.0)	412 (100.0)	1738 (100.0)

कोष्ठकों में दिये गयेय आंकड़े जोड़ का प्रतिशत हैं। £वर्षवार आंकड़े इसके पहले के प्रकाशनों में दिये गये हैं।
$समन्वित ग्रई विकास परियोजना में अल्पावधि वितरण शामिल नहीं है।

17वीं वार्षिक रिपोर्ट 1979–80

मुख्य मुख्य बातें

इस वर्ष के दौरान गत वर्ष के 285 करोड़ रुपये के मुकाबले 412 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई और इससे 45 प्रतिशत बढ़ोतरी का रिकार्ड स्थापित हुआ.

2000 लाख डालर की दूसरी कृपुविनि साख परियोजना में 30 दिसम्बर, 1979 तक योजना के लिये निर्धारित पूरी राशि वितरित की गई.

2500 लाख डालर की तीसरी कृपुविनि साख परियोजना 2 जनवरी, 1980 से चालू हो गई है.

इसके अलावा अंविसंघ के साथ तीन विशिष्ट परियोजनाओं (अंतर्देशीय मछली पालन, काजू विकास और रेशम विकास) के संबंध में बातचीत हो चुकी है.

अपेक्षित संसाधन इस प्रकार बढ़ाए गए हैं:

भारत सरकार से 165 करोड़ रुपये, भारतीय रिजर्व बैंक से 85 करोड़ रुपए, बाजार से उधार 40 करोड़ रुपए और बाकी सदस्य बैंकों की चुकौतियों से.

विदेशी राष्ट्रों से 1410 लाख डालर की द्विपक्षीय सहायता का पक्का वायदा हासिल हुआ.

1. कृपुविनि के कार्यकलाप

(क) वितरण

30 जून, 1980 को समाप्त हुए वर्ष में ऋण वितरण के क्षेत्र में इतनी उल्लेखनीय प्रगति हुई कि गत वर्ष के 285 करोड़ रुपये के मुकाबले इस वर्ष 412 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया गया, 1977-78 के 6 प्रतिशत और 1978-79 के 22 प्रतिशत की तुलना में, इस वर्ष हुई 45 प्रतिशत की वृद्धि एक रिकार्ड है। एकाध राज्य को छोड़कर सभी प्रमुख राज्यों में अधिकतम वितरण हुआ है। यह उल्लेखनीय प्रगति ऐसे वक्त हुई, खासतौर खरीफ के समय में, जब देश का अधिकांश भाग सूखे से पीड़ित था और उपलब्ध सिंचाई स्रोतों से पानी निकालने के लिये आवश्यक डीजल और विद्युत् ऊर्जा की भारी कमी थी। निगम की स्थापना से लेकर जून 1980 तक का संचयी वितरण 1738 करोड़ रुपये की सीमा तक पहुंच गया। इसमें 9 करोड़ रुपये का अल्पावधि वित्तपोषण शामिल नहीं है। पिछले वर्षों के ही समान 1980 के जून महीने में वितरण में तेजी आई और गत वर्ष के 99 करोड़ रुपये के मुकाबले इस वर्ष 142 करोड़ रुपये का वितरण हुआ। वर्ष के दौरान हुए कुल वितरण में 240 करोड़ रुपये अर्थात् कुल वितरण का 58 प्रतिशत ऋण विश्व बैंक/अंविसंघ /क्रेडिटनस्टल्ट फर वाइदरोफबाऊ ग्रुप (के० एफ० डब्ल्यू)/ इत्यादि की सहायता से वितरित किया गया और कृपुविनि भारत सरकार के जरिए 1520 लाख डालर की विदेशी मुद्रा का आहरण कर सका। इसके अलावा वितरण के लिये द्विपक्षीय दान व्यवस्था के अन्तर्गत 910 लाख डालर की सहायता प्राप्त करने की पात्रता भी हासिल हो गई है। अंविसंघ/अंपुवि० बैंक/कि० एफ० डब्ल्यू० परियोजनाओं के अंतर्गत 1978-79, 1979-80 और 30 जून, 1980 तक की तुलनात्मक वितरण की स्थिति नीचे सारणी 3 में दी गई है:

सारणी—3 पुनर्वित्त का वितरण

(करोड़ रुपये)

वितरण	वर्ष		
	1978-79	1979–80	30 जून, 1980 तक*
अंपुवि बैंक/अंविसंघ के एफ० डब्ल्यू० के अंतर्गत सहायता प्राप्त परियोजनाएं	164	240	1008
जोड़	285	412	1738

*अल्पावधि ऋण को छोड़कर

वर्ष के दौरान अंविसंघ/अंपुवि बैंक/अन्य दानियों इत्यादि की सहायता प्राप्त विविध परियोजनाओं के अधीन किये गये संचयी वितरण की राशि 1000 करोड़ रुपये की सीमा पार कर गई है और इससे प्रदाता देशों से समेकित रूप से प्राप्त द्विपक्षी सहायता सहित 8900 लाख डालर से अधिक विदेशी मुद्रा की पात्रता प्राप्त हो गई है।

1.2 आंध्र प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और पंजाब जैसे कुछ राज्यों ने वितरण की दिशा में अच्छी प्रगति दिखाई है। उपर्युक्त 5 राज्यों ने वर्ष के दौरान वितरित कुल पुनर्वित्त के 55 प्रतिशत का लाभ उठाया है। 1979–80 में वितरित कुल पुनर्वित्त की राशि में कम विकसित राज्यों के हिस्से में 37 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई और उक्त हिस्से की राशि बढ़कर 164 करोड़ रुपये हो गई। यह कुल वितरण का 40 प्रतिशत बनता है। विकसित राज्यों ने वर्ष के दौरान पिछले वर्ष की तुलना में 90 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दिखाई है। उत्तर पूर्वी क्षेत्र की अशांत स्थिति और उत्तर पूर्वी और पूर्वी क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की दिशा में आई रुकावटों के कारण कम विकसित राज्यों में बड़ी मात्रा में वित्तीय सहायता का उपयोग करना संभव नहीं हो सका।

1.3 एजेंसीवार वितरणों से पता चलता है कि वितरण की दिशा में वाणिज्य बैंकों में संतोषजनक परिवर्तन आया है (सारणी 2 लागातार तीसरे वर्ष वाणिज्य बैंकों ने अधिकतम वितरण का रिकार्ड स्थापित किया है। राज्य भूमि विकास बैंक, वाणिज्य बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और राज्य सहकारी बैंकों में से चारों ही प्रकार के बैंकों ने पुनर्वित्त का आहरण करने में सही मायने में पिछले वर्ष से अधिक सुधार किये हैं। पिछले 2 वर्ष के दौरान तथा 30 जून, 1980 तक हुए एजेंसीवार वितरण की स्थिति संक्षेप में नीचे सारणी 4 में दी गई है:

सारणी—4 एजेंसीवार वितरण

(करोड़ रुपये)

एजेंसी	वर्ष		
	1978–79	1979–80	30 जून, 1980 तक
राज्य भूमि विकास बैंक	131	164	983
वाणिज्य बैंक	147	230	717
क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	3	9	12
राज्य सहकारी बैंक	4	9	26
जोड़	285	412	1738*

*अल्पावधि ऋण को छोड़कर

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित वाणिज्य बैंकों ने पुनर्वित्त के उपयोग की मात्रा बढ़ाकर 239 करोड़ रुपये कर ली है जो 1978–79 में 150 करोड़ रुपये थी। यह राशि कुल पुनर्वित्त का 58 प्रतिशत बनती है। इस बढ़ोतरी में मुख्य रूप से 12 बड़े राज्यों का योगदान रहा है, जिनमें कम विकसित न्यून बैंक सुविधा प्राप्त असम, बिहार, उड़ीसा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश जैसे राज्य शामिल थे। यह देखा गया है कि राजस्थान, पश्चिम बंगाल और केरल में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष पुनर्वित्त का कम उपयोग हुआ है। 1978–79 के दौरान राज्य भूमि विकास बैंकों द्वारा उपयोग की गई राशि में 33 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है, फिर भी आलोच्य वर्ष के दौरान कुल वितरण में उनका हिस्सा 46 प्रतिशत से घटकर 40 प्रतिशत हो गया है। कर्नाटक और तमिलनाडु को छोड़कर अन्य प्रमुख राज्यों में राज्य भूमि विकास बैंकों ने पुनर्वित्त का उपयोग करने की दिशा में सुधार किया है। खासकर हरियाणा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और पंजाब के राज्य भूमि विकास बैंकों उल्लेखनीय प्रगति की है।

1.4 राज्य सहकारी बैंकों ने गत वर्ष के 4 करोड़ रुपये के मुकाबले, इस वर्ष 9 करोड़ रुपये की पुनर्वित्त सहायता का उपयोग किया है।

वितरण में हुई यह प्रगति हरियाणा और उड़ीसा के राज्य सहकारी बैंकों द्वारा मुख्य रूप से समन्वित कई विकास परियोजना (5 करोड़ रुपये) और लघु सिंचाई (3 करोड़ रुपये) के अंतर्गत किये गए वितरण का उपयोग करने के कारण हुई है।

1.5 वितरित पुनर्वित्त का प्रयोजन वार विभाजन सारणी 1 में दिया गया है। भूमि विकास को छोड़कर अन्य सभी प्रयोजनों के लिये वितरित की गई राशि में गतवर्ष से अधिक वृद्धि देखी गई है। वितरण की स्थिति संक्षेप में नीचे सारणी 5 में दी गई है।

सारणी—5 प्रयोजनवार वितरण

(करोड़ रुपये)

प्रयोजन	वर्ष		30 जून, 1980 तक
	1978–79	1979–80	
लघु सिंचाई	171	227	1130
भूमि विकास	11	10	66
कृषि मशीनीकरण	41	92	278
अन्य	62	83	263
जोड़	285	412	1738£

£अल्पावधि ऋण को छोड़कर

वर्ष के दौरान वितरित किये गये 412 करोड़ रुपये में 227 करोड़ रुपये लघु सिंचाई के लिये थे। लघु सिंचाई आज भी अकेला ऐसा व्यापक प्रयोजन है, जिसके लिये पुनर्वित्त का अत्याधिक उपयोग किया जाता है। किन्तु फिर भी पिछले वर्ष की 60 प्रतिशत की तुलना में आलोच्य वर्ष के दौरान उनका हिस्सा 55 प्रतिशत रह गया है। इसमें पिछले वर्ष वितरित 48 करोड़ रुपये के मुकाबले सिंचाई पम्पसैटों के ऊर्जीकरण के लिये राज्य विद्युत् बोर्डों को वित्तीय सहायता देने हेतु बैंकों को दिया गया 47 करोड़ रुपये का ऋण भी शामिल है। राज्य भूमि विकास बैंकों ने लघु सिंचाई योजनाओं के अंतर्गत दिये जाने वाले पुनर्वित्त का ज्यादा फायदा उठाया है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सहित वाणिज्य बैंकों ने लघु सिंचाई योजना के अन्तर्गत 103 करोड़ रुपयों का उपयोग किया है तो राज्य भूमि विकास बैंकों ने 121 करोड़ रुपये का उपयोग किया है।

1.6 कृषि के गहन कार्यकलापों के कारण बढ़ती हुई मांग पूरी करने के लिये कृषि मशीनीकरण के लिये किए गए वितरण में भी वृद्धि हुई है। गत वर्ष के 41 करोड़ रुपये के मुकाबले वर्ष के दौरान कृषि मशीनीकरण के अन्तर्गत 92 करोड़ रुपये वितरित किए गए। यह वितरण कुल वितरण का 22 प्रतिशत बनता है। इस प्रयोजन के अंतर्गत किये गये वितरणों में पंजाब (32 करोड़ रुपये), उत्तर-प्रदेश (18 करोड़ रुपये), हरियाणा (14 करोड़ रुपये) और आंध्र प्रदेश (7 करोड़ रुपये) में वितरित राशि उल्लेखनीय है।

1.7 आलोच्य वर्ष के दौरान भूमि विकास के लिये वितरित राशि में थोड़ी सी गिरावट आ गई है। पिछले वर्ष वितरित 11 करोड़ रुपये के मुकाबले, इस वर्ष 10 करोड़ रुपये ही वितरित किये गये हैं। कमाण्ड क्षेत्र विकास के एक मुख्य अंग के रूप में चलाये जाने वाले इस भूमि विकास कार्यक्रम में यह थोड़ीसी कमी इसलिये दिखाई पड़ी कि इसके सम्मुख कई कानूनी समस्याएं, संसाधनों की कमी, किसानों की उदासीनता इत्यादि अड़चनें थीं और इसलिये वांछित दिशा में अधिक प्रगति नहीं की जा सकी। आंध्र प्रदेश, केरल और पंजाब में कमाण्ड क्षेत्र विकास को छोड़कर अन्य सभी प्रयोजनों के लिये किया गया वितरण उल्लेखनीय रहा। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में कार्यरत एजेंसियों को कमाण्ड क्षेत्र विकास योजनाओं के अंतर्गत एक करोड़ रुपये का अंतरिम वित्त वितरित किया गया है।

1.8 अन्य विविध प्रयोजनों के अन्तर्गत वितरण में तेजी आई है और कुल वितरण का 20 प्रतिशत वितरण इन प्रयोजनों के लिये हुआ है। बागान और बागवानी के अंतर्गत हुआ वितरण 1978-79 के 12 करोड़ रुपये से बढ़कर 1979–80 के दौरान 21 करोड़ रुपये हो गया। इस वर्ग के अंतर्गत किया गया अधिकांश वितरण असम, पश्चिम बंगाल और दक्षिणी क्षेत्र के हिस्से में आया। डेरी विकास, मछली पालन, भेड़-पालन/मुर्गीपालन जैसे अन्य प्रयोजनों के अन्तर्गत हुए वितरणों में पिछले वर्षों की ही तरह वृद्धि की प्रवृत्ति दिखाई पड़ी है। इन प्रयोजनों में सुधार अधिकांशतः इसलिये हुआ है कि वाणिज्य बैंकों ने अपने ऋण वितरण कार्यक्रम के अधीन विविध उद्देश्यों के लिये ऋण देने का स्तुत्य प्रयास किया है और कुछ राज्य भूमि विकास बैंकों ने इस दिशा में शुरुआत कर दी है।

1.9 भारतीय खाद्य निगम द्वारा प्रवर्तित निजी भण्डारों की मांग में गिरावट आने के कारण वर्ष के दौरान भण्डार और बाजार केन्द्रों के लिये किये गये वितरण में 1978–79 के 27 करोड़ रुपये के मुकाबले गिरावट आई और यह घटकर 15 करोड़ रुपये रह गया। वितरित किये गये 15 करोड़ रुपये में 7 करोड़ रुपये भण्डार के लिये थे और बाकी (8 करोड़ रुपये) बाजार केन्द्रों के लिये। अब तक 152 व्यष्टिपरक बाजारों ने निगम की सहायता का लाभ उठाया है।

1.10 सभी क्षेत्रों को पहले से अधिक पुनर्वित्त प्राप्त हुआ (सारणी-7)। इस सम्बन्ध में उत्तरी, मध्यवर्ती और पश्चिमी क्षेत्रों में ठोस प्रगति हुई, जबकि उत्तरपूर्वी क्षेत्र में यह वृद्धि थोड़ी सी रही, जहां 1978–79 के 2.8 करोड़ रुपये के मुकाबले 1979-80 में केवल 3.1 करोड़ रुपये वितरित किये गये। क्षेत्रवार वितरण का सारांश नीचे सारणी 6 में दिया गया है।

सारणी 6—वितरण-क्षेत्रवार

(करोड़ रुपये)

क्षेत्र	वर्ष		30 जून, 1980 तक
	1978–79	1979-80	
उत्तरी	54	110	361
उत्तर पूर्वी	3	3	11
पूर्वी	42	48	195
मध्यवर्ती	65	93	410
पश्चिमी	40	63	280
दक्षिणी	81	95	481
जोड़	285	412	1738*

*अल्पावधि ऋण को छोड़कर

1.11 शुरू से लेकर 30 जून, 1980 तक का 1738 करोड़ रुपये का जो संचयी वितरण (अल्पावधि वित्त को छोड़कर) हुआ, वह 2000 करोड़ रुपये के आधार स्तरीय निवेशों का द्योतक है। इसमें ऋणकर्ताओं, सदस्य बैंकों, केन्द्रीय और राज्य सरकारों का योगदान भी शामिल है। विविध योजनाओं के अन्तर्गत हुई भौतिक उपलब्धियां अब तक प्राप्त आंकड़ों के आधार पर नीचे दर्शायी गयी हैं†

	(इकाई)
नलकूप	325000
खोदे गये कुएं	523000
विद्युत् पम्पसैट/आयल इंजन	755000
	(हेक्टेयर)
काफी	12800
चाय	6000
रबड़	3100
इलायची	1700
नारियल	41800
सुपारी	1300
अन्य	44900

†अनन्तिम

सारणी 7—पुनर्वित्त का राज्यवार वितरण (जुलाई-जून)

लाख रुपये

क्षेत्र/राज्य/संघ शासित क्षेत्र	चौथी योजना		निम्नलिखित वर्षों में						
	1963–69£	1969–74£	1974–75	1975–76	1976–77	1977–78	1978–79	1979–80	30 जून, 1980 तक
I. उत्तरी क्षेत्र									
चण्डीगढ़	–	–	–	–	–	3	–	–	3
						(–)			(–)
दिल्ली	–	13	12	28	10	19	15	14	112
		(0.1)	(0.1)	0.2()	(0.1)	(0.1)	(–)	(–)	(–)
हरियाणा	303	2774	1075	1569	1770	1111	2101	3946	14010$
	(9.9)	(9.7)	(10.1)	(9.2)	(8.0)	(4.7)	(7.4)	(9.6)	(8.0)
हिमाचल प्रदेश	–	4	4	16	2	23	50	185	286
		(–)	(0.1)	(0.1)	(–)	(0.1)	(0.2)	(0.5)	(0.2)
जम्मू और कश्मीर	32	38	–	17	6	15	14	12	135
	(1.0)	(0.1)		(0.1)	(–)	(0.1)	(–)	(–)	(0.1)
पंजाब	653	2692	407	1306	1731	1177	1625	5018	14438
	(21.4)	(9.4)	(3.8)	(7.6)	(7.8)	(5.0)	(5.7)	(12.2)	(8.3)
राजस्थान	6	656	350	536	787	1312	1616	1815	7084
	(0.2)	(2.3)	(3.3)	(3.1)	(3.6)	(5.6)	(5.7)	(4.7)	(4.1)
	994	6177	1848	3472	4306	3660	5421	10990	36068$
	(32.5)	(21.6)	(17.4)	(20.3)	(19.5)	(15.6)	(19.0)	(26.7)	(20.7)
II. उत्तर पूर्वी क्षेत्र									
असम	70	65	–	5	70	273	235	286	1004
	(2.4)	(0.2)		(–)	(0.3)	(1.2)	(0.8)	(0.7)	(0.6)
मणिपुर	–	–	–	5	8	23	43	10	89
				(–)	(0.1)	(0.1)	(0.2)	(–)	(0.1)
मेघालय	–	–	–	–	–	–	–	–	–
नागालैण्ड	–	4	4	2	3	5	–	–	18
		(–)	(0.1)	(–)	(–)	(–)			(–)
त्रिपुरा	–	–	–	1	2	8	1	11	23
				(–)	(–)	(–)	(–)	(–)	(–)
	70	69	4	13	83	309	279	307	1134
	(2.4)	(0.2)	(0.1)	(–)	(0.4)	(1.3)	(1.0)	(0.7)	(0.7)
III. पूर्वी क्षेत्र									
अंडमान निकोबार द्वीप समूह	–	–	–	–	–	–	–	1	1
								(–)	(–)
बिहार	18	980	932	1318	1696	1864	2253	2468	11523
	(0.6)	(3.4)	(8.8)	(7.7)	(7.7)	(8.0)	(7.9)	(6.0)	(6.6)
उड़ीसा	4	51	82	338	565	816	875	1315	4042
	(0.1)	(0.2)	(0.8)	(2.0)	(2.6)	(3.5)	(3.1)	(3.2)	(2.3)
पश्चिम बंगाल	2	42	69	159	590	996	1045	981	3881
	(0.1)	(0.1)	(0.6)	(0.9)	(2.7)	(4.3)	(3.7)	(2.4)	(2.2)
	24	1073	1083	1815	2851	3676	4173	4765	19447
	(0.8)	(3.7)	(10.2)	(10.6)	(13.0)	(15.8)	(14.7)	(11.6)	(11.2)

सारणी 7 (जारी)—पुनर्वित्त का वितरण राज्यवार (जुलाई-जून)

लाख रुपये

क्षेत्र/राज्य/संघ शासित क्षेत्र	चौथी योजना		निम्नलिखित वर्षों में						
	1963–69£	1969–74£	1974–75	1975–76	1976–77	1977–78	1978–79	1979–80	30 जून 1980 तक
IV. मध्यवर्ती क्षेत्र									
मध्य प्रदेश	29	1291	1234	1932	2610	1670	1666	3647	14088
	(1.0)	(4.5)	(11.6)	(11.3)	(11.8)	(7.1)	(8.9)	(8.9)	(8.1)
उत्तर प्रदेश	122	3794	1849	2598	3720	4317	4877	5660	26935
	(4.0)	(13.3)	(17.3)	(15.2)	(16.9)	(18.4)	(17.1)	(13.7)	(15.5)
	151	5085	3083	4530	6330	5987	6543	9307	41023
	(5.0)	(17.8)	(28.9)	(26.5)	(28.7)	(25.5)	(23.0)	(22.6)	(23.6)
V. पश्चिमी क्षेत्र									
दादरा और नगर हवेली	–	–	–	–	–	–	–	–	–
गोवा	–	3	5	23	24	68	84	121	328
		(–)	(0.1)	(0.1)	(0.1)	(0.3)	(0.3)	(0.3)	(0.2)
गुजरात	207	4165	427	333	402	1319	1516	2497	10866
	(6.8)	(14.6)	(4.0)	(1.9)	(1.8)	(5.6)	(5.3)	(6.1)	(6.2)
महाराष्ट्र	189	3041	1358	2248	1928	1974	2431	3688	16846$
	(6.2)	(10.6)	(12.7)	(13.2)	(8.7)	(8.4)	(8.5)	(8.9)	(9.7)
	396	7209	1790	2604	2354	3361	4031	6305	28040
	(13.0)	(25.2)	(16.8)	(15.2)	(10.6)	(14.3)	(14.1)	(15.3)	(16.1)
VI. दक्षिणी क्षेत्र									
आंध्र प्रदेश	809	2504	892	1295	2122	3853	4958	6193	22624
	(25.6)	(8.8)	(8.4)	(7.6)	(9.6)	(16.4)	(17.4)	(15.0)	(13.0)
कर्नाटक	261	2269	1008	1946	2190	1320	1429	1387	11811
	(8.6)	(7.9)	(9.5)	(11.4)	(9.9)	(5.6)	(5.0)	(3.4)	(6.8)
केरल	17	345	100	208	247	370	960	998	3245
	(0.5)	(1.2)	(0.9)	(1.2)	(1.1)	(1.6)	(3.4)	(2.4)	(1.9
पांडिचेरी	–	8	15	4	–	–	–	6	33
		(–)	(0.1)	(–)				(–)	(–)
तमिलनाडु	325	3877	817	1228	1599	894	693	964	10394
	(10.7)	(13.6)	(7.7)	(7.2)	(7.2)	(3.9)	(2.4)	(2.3)	(6.0)
	1412	9003	2832	4681	6158	6437	8040	9548	48107
	(46.3)	(31.5)	(26.6)	(27.4)	(27.8)	(27.5)	(28.2)	(23.1)	(27.7)
जोड़ (I से VI)	3047	28618	10640	17115	22082	23430	28487	41223	173819$
	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)

कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े जोड़ के प्रतिशत हैं।

£वर्षवार आंकड़े इसके पहले के प्रकाशनों में दिये गये हैं।

$वितरणों में अल्पावधि वितरण शामिल नहीं हैं।

1.12 अपने कारोबार के 17 साल में निगम 32.93 लाख हेक्टेयर भूमि को बहुफसली प्रणाली के अंतर्गत ला चुका है। प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं के कमाण्ड क्षेत्र के अधीन विकसित की गई भूमि और भू-संरक्षण योजनाओं के अंतर्गत सुधारे गए कुल क्षेत्र 11.18 लाख हेक्टेयर हो गये हैं। 1,11,600 हेक्टेयर क्षेत्र बागान और बागवानी की अन्यान्य योजनाओं के अन्तर्गत विकसित किये गये हैं।

1.13. निगम से पुनर्वित्त सुविधा प्राप्त अन्य प्रमुख कार्यकलाप के मद इस प्रकार हैं:

(1) भण्डार	61 लाख टन
(2) बाजार केन्द्र	152 इकाइयां (30-6-80) को
(3) ट्रैक्टर	53,400 इकाइयां
(4) कम्बाइन/हार्वेस्टर/बुलडोजर/पावर टिलर	3,000 इकाइयां
(5) यात्री/यंत्रीकृत नावें	3,400 इकाइयां
(6) दुधारू पशु	1,34,700 पशु
(7) मुर्गियां	23,45,700 चूजे
(8) भेड़	5,62,800 पशु
(9) कृषि विमान	2 इकाइयां

(ख) मंजूरियां

1.14 पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष कृपुवित्ति द्वारा मंजूर की गई योजनाओं की संख्या काफी बढ़ गई है। पिछले वर्ष 2505 योजनायें मंजूर की गई थीं और उनमें निगम के वायदे 573 करोड़ रुपये के थे। परन्तु इस वर्ष 3657 योजनायें (संबंधित रूई विकास परियोजना सहित) स्वीकार की गई थीं और उनमें निगम के वायदे 757 करोड़ रुपये के थे। पश्चिम बंगाल, राजस्थान, हरियाणा हिमाचल प्रदेश और केरल को छोड़कर अधिकतम राज्यों में वायदे की राशि में वृद्धि देखी गई। मंजूरियों का राज्यवार ब्योरा विवरण 1 में दिया गया है।

1.15 अन्यान्य प्रयोजनाओं के अन्तर्गत मंजूर की गई योजनाओं का विश्लेषित विवरण वायदों के आकार-समूह के अनुसार विवरण-3 में प्रस्तुत किया गया है। उसका संक्षिप्त विवरण नीचे सारणी 8 में दिया गया है।

1.16 वायदों के आकार के अनुसार 2079 योजनायें 10 लाख रुपये से कम की थीं और 1403 योजनायें 10 लाख रुपये से अधिक, किन्तु 50 लाख रुपये से कम की थी तथा शेष 175 योजनायें 50 लाख रुपये से अधिक की थीं। विश्लेषण से यह पता चलता है कि लघु सिंचाई और बागान और बागवानी के अंतर्गत अधिकतर योजनायें 10 से 25 लाख रुपये के आकार समूह की हैं। भूमि विकास, मुर्गीपालन/भेड़ पालन/सुअर पालन, डेरी विकास एवं भण्डार और बाजार केन्द्र के सम्बन्ध में यह द्रष्टव्य है कि वे 5 लाख रुपये तक के आकार समूह में केन्द्रित थे। 100 लाख रुपये और उससे अधिक के आकार-समूह ने लघु सिंचाई के अंतर्गत अधिक राशि प्राप्त की।

सारणी 8—1978-79 और 1979-80 के दौरान मंजूर योजनाओं का आकारवार वर्गीकरण

(करोड़ रुपये)

योजनाओं का आकार	1978-79		1979-80*	
	योजनाओं की संख्या	वायदे	योजनाओं की संख्या	वायदे
5 लाख रुपये तक	817	21	1182	31
5 से 10 लाख रुपये तक	548	44	897	98
10 से 25 „ „	644	110	1031	169
25 से 50 „ „	349	142	372	130
50 से 100 „ „	77	58	93	63
100 लाख रुपये से अधिक	70	198	82	235
जोड़	2505	573	3657	696

*सग्राविप वायदे शामिल नहीं हैं।

1.17 वर्ष के दौरान मंजूर की गई योजनाओं का औसत आकार 1978-79 में 23 लाख रुपये था जो इस वर्ष घटकर 19 लाख रुपये रह गया। राज्य भूमि विकास बैंकों के लिये मंजूर की गई एजेंसीवार योजनाओं का आकार वाणिज्य बैंकों के लिये मंजूर की गई योजनाओं के आकार से बड़ा है।

1.18 विशुद्ध रूप से सभी एजेंसियों के मामले में इस वर्ष के दौरान मंजूर की गई योजनाओं की संख्या और उनके लिये प्राप्त वायदों की राशि में वृद्धि पाई गई है। मंजूरी और वायदों के एजेंसीवार विभाजन की स्थिति संक्षेप में नीचे सारणी 9 में दी गई है:

सारणी 9—स्वीकृत योजनाएं—एजेंसीवार*

क. योजनाओं की संख्या

वर्ष	राभूवि बैंक	वाबैंक	क्षेग्रा० बैंक	रास बैंक	जोड़
1978-79	529	1923	32	21	2505
1979-80	919	2553	84	101	3657

ख. कृपुवित्ति के वायदे

(करोड़ रुपये)

वर्ष	राभूवि बैंक	वाबैंक	क्षे०ग्रा० बैंक	रास बैंक	जोड़
1978-79	252	307	7	7	573
1979-80	296	371	15	14	696

ग. योजनाओं का औसत आकार

(लाख रुपये)

वर्ष	राभूवि बैंक	वाबैंक	क्षेग्रा. बैंक	रास बैंक	जोड़
1978-79	48	16	22	33	23
1979-80	32	15	18	14	19

*सग्राविप वायदे शामिल नहीं है।

1.19 वर्ष के दौरान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने कृपुवित्ति से पहले से अधिक वायदे प्राप्त किये हैं। पिछले वर्ष कृपुवित्ति के 7 करोड़ रुपये के वायदे के साथ मंजूर की गई 32 योजनाओं के मुकाबले इस वर्ष 15 करोड़ रुपये के वायदे के साथ 84 योजनाएं (सग्राविप वायदे को छोड़कर) मंजूर की गई हैं। 1978-79 में 3 करोड़ रुपये का वितरण हुआ जो इस वर्ष बढ़कर 9 करोड़ रुपये हो गया। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा प्राप्त किये गये पुनर्वित्त की राज्यवार स्थिति इस प्रकार है:

सारणी 10—30 जून 1980 के दौरान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लिये मंजूर पुनर्वित्त@

(लाख रुपये)

राज्य	क्षेग्रा बैंकों की संख्या, जिनके लिये योजनायें मंजूर की गई थीं	1979-80 के दौरान योजनाओं की संख्या	कुल वायदे	1979-80 के दौरान वितरण
1	2	3	4	5
हरियाणा	1	1	34	7
जम्मू और कश्मीर	1	—	5	—
राजस्थान	2	5	91	25
असम	1	2	30	7
त्रिपुरा	1	4	26	8
बिहार	7	19	398	230
उड़ीसा	3	22	61	21
पश्चिम बंगाल	2	4	26	3
मध्य प्रदेश	2	3	115	108

सारणी--10 जारी

1	2	3	4	5
उत्तर प्रदेश	6	16	835	353
गुजरात	1	–	5	–
महाराष्ट्र	1	3	21	6
आन्ध्र प्रदेश	3	27	610	239
कर्नाटक	2	9	202	54
केरल	2	4	32	3
तमिलनाडु	1	3	178	97
जोड़	36	122	2669	1161

सग्रावि बैंकिंग प्लान को छोड़कर

1.20 वर्ष के दौरान की गई स्वीकृतियों और वायदों का प्रयोजनवार ब्योरा विवरण 3 में दिया गया है। 1979-80 में कृषि मशीनीकरण और बागान और बागवानी के इतर के लिये स्वीकृत किये गये 757 करोड़ रुपये के कुल वायदों में से सबसे बड़ा हिस्सा लघु सिंचाई का था (50%)। इसके बाद विविध गतिविधियां (25%), कृषि मशीनीकरण (16%) तथा बागान और बागवानी (9%) का स्थान रहा। विभिन्न एजेंसियों में गतिविधियों में विविधता लाने के कारण कुल निवेश में लघु सिंचाई का हिस्सा धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। योजनाओं की स्वीकृति का प्रयोजनवार वितरण सारणी 11 में दर्शाया गया है।

सारणी--11--1979-80 के दौरान प्रयोजनवार मंजूरियां

(करोड़ रुपये)

प्रयोजन	योजनाओं की संख्या सग्रावि छोड़कर	कृपुवित्ति के वायदे
लघु सिंचाई**	1359	381
भूमि विकास	143	29
कृषि मशीनीकरण	520	119
बागान/बागवानी	376	65
मुर्गीपालन/भेड़पालन/सुअरपालन	355	17
मत्स्यपालन	139	13
डेरी विकास	373	24
भंडार और बाजार केन्द्र	215	29
अन्य	177	80
जोड़	3657	757

**इसमें 270 एस० पी० ए० योजनाओं के संबंध में मंजूर किये गए 25 करोड़ रुपये शामिल हैं।

1.21 वर्ष 1979-80 में एक मुख्य बात यह हुई है कि कृपुवित्ति ने समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत काफी संख्या में ठोस वायदे किये हैं। 30 जून, 1980 तक 61 करोड़ रुपये के वायदों वाली 92 बैंकिंग योजनाएं स्वीकार की गई, जिनके अन्तर्गत 671 खण्ड आते हैं। कृपुवित्ति द्वारा अनुमोदित की गई समन्वित ग्रामीण विकास बैंकिंग योजनाओं की राज्यवार एवं एजेंसीवार स्थिति विवरण 8 और 9 में दिखाई गई हैं। समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत की गई स्वीकृतियों का सारांश नीचे दिया गया है।

सारणी 12—समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत मंजूरियों की क्षेत्रवार स्थिति, 1979-80 तक

(करोड़ रुपये)

क्षेत्र	अनुमोदित बैंकिंग योजनाओं की संख्या	शामिल किए गए खण्ड	कृपुवित्ति के वायदे
उत्तरी	3	6	1
उत्तर पूर्वी	–	–	–
पूर्वी	2	3	1
मध्य	28	217	15
पश्चिमी	17	81	9
दक्षिणी	42	364	35
जोड़	92	671	61

*क्षेग्रा बैंक सहित

आगामी वर्ष/वर्षों में इस कार्यक्रम के अन्तर्गत ठोस प्रगति होने की संभावना है।

1.22 30 जून 1980 तक कृपुवित्ति की संचयी मंजूरियों का कुल योग 1604 करोड़ रुपये रहा (विवरण 2)। इनमें से 1417 करोड़ रुपये क्षेत्रीय ग्रामीण विकास बैंक सहित वाणिज्य बैंकों को तथा 56 करोड़ रुपये राज्य सहकारी बैंकों को स्वीकृत किये गये। कुल वायदों में से 62 प्रतिशत वायदे लघु सिंचाई के लिये किये गये।

1.23 निगम का यह प्रयत्न रहा है कि देश के सभी खण्डों को किसी न किसी योजना के अन्तर्गत लाया जाए। 30 जून, 1980 तक देश के 5004 खण्डों में से 4814 खण्डों में से कोई न कोई कृपुवित्ति-योजना कार्यान्वयन के लिये मंजूर की जा चुकी थी। पिछले वर्ष यह संख्या 4621 थी। निगम ने दो केन्द्र शासित प्रदेशों अर्थात् अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह तथा दादरा और नगर हवेली में भी कार्य का विस्तार किया। इन क्षेत्रों में पिछले वर्षों में कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया था। जिन खण्डों का समावेश नहीं किया गया उनकी संख्या 30 जून, 1970 के 383 के मुकाबले, 30 जन, 1980 को घटकर 190 रह गई। जिन खण्डों का समावेश कृपुवित्ति योजनाओं के अंतर्गत नहीं किया गया है, उनकी राज्यवार स्थिति दायें दिखाई गई है।

	खण्डों की संख्या
अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	4
अरुणाचल प्रदेश	48
असम	34
जम्मू और कश्मीर	8
लक्षद्वीप	5
मध्य प्रदेश	1
मणिपुर	11
मेघालय	21
मिजोरम	20
नागालैण्ड	17
उड़ीसा	4
राजस्थान	2
त्रिपुरा	5
उत्तर प्रदेश	2
पश्चिम बंगाल	8
आंध्र प्रदेश	

2. राज्यवार समीक्षा

आन्ध्र प्रदेश

वितरण और कई प्रकार की योजनाओं को सहायता देने में आंध्र प्रदेश अन्य राज्यों से आगे रहा। आन्ध्र प्रदेश भूमि विकास बैंक अत्यंत गतिशील रहा और इसने वाणिज्य बैंकों के 16.4 करोड़ रुपये के मुकाबले 45.4 करोड़ रुपये प्राप्त किये। वर्ष के दौरान निगम द्वारा 109.2 करोड़ रुपये के वायदे किये गये और इस प्रकार इस संदर्भ में संचयी राशि 385.7 करोड़ रुपये तक पहुंच गई।

2.2 कृषि विकास बैंक कई किस्म की योजनाओं में भाग ले रहा है। यद्यपि इसके वायदे का मुख्य हिस्सा अभी तक लघु सिंचाई ही है; फिर भी अंविसंघ की सहायता प्राप्त योजनाओं तथा अन्य प्रकार की योजनाओं, दोनों के अन्तर्गत सिंचाई प्रणालियों के कमाण्ड क्षेत्रों में भूमि विकास में इसकी एक महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बैंक ने अपने उपनियमों और संविधि के अन्तर्गत भूमि को जमानत रखे बगैर भी ऋण प्रदान करने की छूट प्राप्त कर ली है।

वर्ष के दौरान लघु सिंचाई और भूमि विकास के लिये वितरित राशि में उसका हिस्सा 31.2 करोड़ रुपये था। वाणिज्य बैंकों ने पिछले वर्ष के 6.8 करोड़ रुपये के मुकाबले इस वर्ष 16.4 करोड़ रुपये वितरित कर अपना कार्य प्रायः तिगुना कर लिया। इसमें लघु सिंचाई और भूमि विकास में उनका हिस्सा 6.1 करोड़ रुपये रहा। वर्ष के दौरान राज्य में स्वीकार की गई महत्वपूर्ण योजनाओं में विशाखपट्टनम् के काफी उगाने वाले परम्परेतर क्षेत्रों में काफी बागान योजना और मीठ पानी की कोल्लेरू झील में अन्तर्देशीय मत्स्यपालन की एक बड़ी योजना शामिल है।

2.3 यहां अंविसंघ द्वारा हाल ही में स्वीकृत बहुराज्यीय काजू परियोजना का भी विशेष रूप से उल्लेख करना उचित होगा, जिसके अन्तर्गत राज्य की 18000 हेक्टेयर भूमि आती है।

असम

2.4 इस वर्ष वितरित किये गये पुनर्वित्त को 2.86 करोड़ रुपये की राशि पिछले वर्ष वितरित की गई 2.35 करोड़ रुपये की राशि थोड़ी अधिक थी। सारा पुनर्वित्त वाणिज्य बैंकों ने ले लिया, जिसमें क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा निकाले गये 7 लाख रुपये भी शामिल हैं। वर्ष के दौरान न तो किसी राज्य भूमि विकास बैंक में, और न ही राज्य सहकारी बैंक ने पुनर्वित्त का उपयोग किया। राज्य में कृपुविनि द्वारा किया गया संचयी वितरण 10.04 करोड़ रुपये रहा। वर्ष के दौरान वितरित किये गए 2.86 करोड़ रुपये में से बागान/बागवानी के विकास के लिये काफी बड़ा अंश प्राप्त हुआ है। अर्थात् उसे प्राप्त पुनर्वित्त राशि 2.69 करोड़ रुपये थी। शेष राशि लघु सिंचाई तथा अन्य विविध प्रयोजनों के लिये थी।

2.5 वर्ष के दौरान कृपुविनि ने 20.69 करोड़ रुपये की पुनर्वित्त सहायता के वायदे किये। कुछ अंतः फसलों सहित काफी और रबड़ उगाने के लिये असम बागान निगम को एक बड़ी योजना स्वीकार की की गई, जिसमें कृपुविनि के 6.00 करोड़ रुपये के वायदे थे। कुल वायदों की शेष राशि लघु सिंचाई और विभिन्न प्रयोजनों के लिये थी।

2.6 प्रशिक्षित स्टाफ की कमी, भूजल स्रोतों और पट्टेदारी प्रणाली की प्रकृति के संबंध में सर्वेक्षण की कमी और उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की निरन्तर कमियों के कारण निवेशों को प्रोत्साहन देने में अधिक प्रगति नहीं की जा सकी। वर्ष के अधिकतर समय में यह क्षेत्र अशांत परिस्थितियों से ग्रस्त रहा। वर्ष के दौरान हुई घटनाओं से सहकारी प्रणाली के पुनर्गठन में काफी रुकावटें आई।

बिहार

2.7 खरीफ के मौसम में बहुत से जिलों में वर्ष के दौरान बिहार में भीषण अकाल का सामना किया जो रबी के दौरान भी जारी रहा। पिछले दो वर्षों के दौरान भारी अनिवेय राशियों के कारण राज्य भूमि विकास बैंक पर इतना प्रतिकूल प्रभाव पड़ा कि इस वर्ष 130 शाखाओं में से 13 शाखाएं असीमित ऋण प्राप्त करने योग्य रहीं 93 को सीमित ऋण वितरण की पात्रता मिली और 24 शाखायें ऋण वितरण की अपात्र रहीं, अतः वर्ष के दौरान राज्य भूमि विकास बैंक केवल 3.60 करोड़ रुपये का ऋण वितरित कर सका और वर्ष के दौरान बैंक कोई भी नई योजना कृपुविनि की स्वीकृति के लिये प्रस्तावित नहीं कर सका।

2.8 अध्यक्ष द्वारा किये गये विचार विमर्श और भारतीय रिजर्व बैंक कृपुविनि/राज्य सरकार/भूमि विकास बैंक के अधिकारियों के दल द्वारा दिये गये सुझावों के परिणामस्वरूप सुधार के कई उपायों की सिफारिश की गई थी। इन सुझावों के कार्यान्वयन में कुछ प्रगति हुई है और आगे भी प्रयत्न जारी है।

2.9 वाणिज्य बैंकों ने पिछले वर्ष के 19.9 करोड़ रुपये के मुकाबले इस वर्ष 21.1 करोड़ रुपये वितरित किये। 14.6 करोड़ रुपये का सबसे अधिक वितरण लघु सिंचाई के लिये था। कृषि मशीनीकरण के लिये भी काफी मांग थी। जिसमें पावर टिलर्ज और ट्रेक्टर शामिल हैं, इस मद के लिये 4.91 करोड़ रुपये वितरित किये गये।

2.10 अंविसंघ की सहायता प्राप्त बिहार कृषि साख परियोजना 1974 में शुरू की गई थी जो इस वर्ष पूरी हो गई है। इसी प्रकार अंविसंघ की सहायता प्राप्त बाजार केन्द्र परियोजना के अन्तर्गत 49 बाजारों के लिये ऋण वितरण पूरा हो गया।

गुजरात

2.11 राज्य में इस बार वाणिज्य बैंकों ने अच्छा कार्य किया। वाणिज्य बैंकों और भूमि विकास बैंकों से संबंधित हिस्सा क्रमशः 23.78 करोड़ रुपये और 1.19 करोड़ रुपये था। लघु सिंचाई कार्यक्रमों, विशेषकर गुजरात जल स्रोत विकास निगम तथा गुजरात राज्य विद्युत् बोर्ड के उर्जीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत वाणिज्य बैंकों की सहभागिता काफी ठोस रही, जबकि कृषि मशीनीकरण और अन्य विविध प्रयोजनों के अंतर्गत यह अपेक्षाकृत कम रही। गुजरात में इस क्षेत्र में वाणिज्य बैंकों के प्रवेश की आवश्यकता इसलिये हुई कि राज्य भूमि विकास बैंक की बहुत-सी शाखाओं की वसूली स्थिति बहुत कमजोर रही और परिणामस्वरूप वे ऋण वितरण के योग्य न रह पाई। कृपुविनि, कृषि ऋण विभाग और गुजरात सरकार के अधिकारियों के दल द्वारा राज्य भूमि विकास बैंक को फिर से मजबूत बनाने के लिये जो सुझाव दिये गये, उन पर अमल नहीं किया जा सका; क्योंकि संबंधित मुद्दों पर निर्णय तुरन्त नहीं लिये गये।

2.12 इस वर्ष अंविसंघ की सहायता प्राप्त समन्वित मत्स्यपालन परियोजना के कार्यान्वयन में खासी प्रगति दिखाई दी और कृपुविनि ने 85 मशीनीकृत ट्रालर्ज के लिये 1.29 करोड़ रुपये की पुनर्वित्त सहायता का अनुमोदन पहले ही कर दिया है। इस परियोजना के अन्तर्गत किए गए वितरण से 5.7 लाख डालर तक की विदेशी सहायता निकाली जा सकेगी।

2.13 कृपुविनि के 23 करोड़ रुपये के वायदे वाले कमाण्ड क्षेत्र विकास कार्यक्रमों के अन्तर्गत वर्ष के दौरान वित्तपोषक बैंकों को 0.76 करोड़ रुपये का अन्तरिम वित्त स्वीकार किया गया। यद्यपि स्वीकृतियों के अनुसार पुनर्वित्त को उपयोग नहीं किया गया; फिर भी इसमें मुख्य कठिनाई यह रही कि गुजरात भूमि विकास निगम को बाजार आधार पर क्षेत्र विकास कार्य करने और वित्तपोषक बैंकों से पैसा लेने का अधिकार देने के लिये कोई उपयुक्त कानून नहीं था। राज्य सरकार इस कमी को दूर करने का प्रयत्न कर रही है। वर्ष की अन्य मुख्य बातें थी भूसंरक्षण के लिये जलग्रहण योजनाओं की स्वीकृति, तंगधाटी सुधार की एक प्रायोगिक योजना और अचानक बाढ़ आने से प्रभावित मौरबी-भालिया क्षेत्रों के कृषकों की सम्पत्ति को पुनः स्थापित करने के लिये पुनर्वित्त उपलब्ध करवाने का वायदा।

2.14 इस वर्ष पुनर्वित्त के वायदे 31.62 करोड़ रुपये के थे, जबकि पिछले वर्ष 15.81 करोड़ रुपये के थे।

हरियाणा

2.15 हरियाणा निगम से निरन्तर पुनर्वित्त का लाभ उठाता रहा है। यह वित्तीय संस्थाओं की निरन्तर अच्छी वसूली स्थिति के कारण संभव हो पाया है। शिखर बैंक स्तर पर भूमि विकास बैंक का वसूली कार्य प्रत्येक वर्ष में 100 प्रतिशत रहा; जबकि प्राथमिक सहकारी बैंकों के सन्दर्भ में यह न्यूनतम 92 प्रतिशत रहा। इस वर्ष 39.46 करोड़ रुपये के पुनर्वित्त का उपयोग किया गया, जिसमें से वाणिज्य बैंकों के हिस्से में आधे से कुछ अधिक अंश आया और भूमि विकास बैंक के हिस्से में एक तिहाई। कृषि में प्रगतिशील होने की वजह से इस राज्य में कृषि मशीनीकरण के लिये वितरित 14.36 करोड़ रुपये की राशि लघु सिंचाई के अन्तर्गत वितरित राशि के लगभग बराबर की थी। लघु सिंचाई के अंतर्गत भूमि विकास बैंक द्वारा किये गये ऋण वितरण अधिकतर खोदे गए कुओं और नलकूपों के लिये थे, जबकि वाणिज्य बैंकों ने अधिकतर गहरे नलकूपों और जलनालियों के निर्माण के लिये वितरण किया।

2.16 अंविसंघ की सहायता प्राप्त हरियाणा सिंचाई और कमांड क्षेत्र विकास परियोजना का कार्यान्वयन करने हेतु समयबद्ध कार्यक्रम पर लगे रहने से वितरण में काफी तेजी आई। यह योजना 14 दिसम्बर, 1978 से चालू हुई। गहरे नलकूपों और जलमार्ग के निर्माण के अतिरिक्त इस परियोजना में 26 बाजार केन्द्रों के निर्माण का वित्तपोषण भी शामिल है। इनमें से 16 बाजार पूरे होने की विभिन्न स्थितियों में हैं। राज्य ने समन्वित ग्रई विकास परियोजना के कार्यान्वयन में भी काफी प्रगति दिखाई है।

अल्पावधि उत्पादक ऋणों के अन्तर्गत किये गये विस्तृत विवरण के अतिरिक्त ओटाई करने वाली दो इकाइयां और तेल अभिसंस्करण इकाई निर्माण के विभिन्न स्तरों पर हैं।

2.17 संस्थागत वित्त के संबंध में भावी योजना बनाने के लिये राज्य सरकार द्वारा उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम यह था कि संयुक्त सांस्थानिक सर्वेक्षण दल की रिपोर्ट को अंतिम रूप दे दिया गया है जिसके अन्तर्गत कृषि और संबंधित गतिविधियों के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में अगले पांच वर्षों में 366 करोड़ रुपये के निवेश वित्त का प्रावधान है।

2.18 इस वर्ष पुनर्वित्त के वायदे 37.26 करोड़ रुपये के थे जबकि पिछले वर्ष 47.11 करोड़ रुपये के वायदे थे। प्रारम्भ से अब तक 230.4 करोड़ रुपये के कुल वायदे थे जिनमें से (140.1) करोड़ रुपये का उपयोग किया गया है।

हिमाचल प्रदेश

2.19 पिछले वर्ष के 44 लाख रुपये के मुकाबले इस वर्ष के दौरान राज्य में वाणिज्य बैंकों ने 181 लाख रुपये का पुनर्वित्त आहरित किया। वर्ष के दौरान वित्त पोषित की गई मुख्य गतिविधि बागवानी विकास थी इसके अन्तर्गत 177 लाख रुपये दिये गये जिसमें अंविसंघ की सहायता प्राप्त सेब अभिसंस्करण और विपणन परियोजना के लिये 159 लाख रुपए शामिल हैं। शेष 4 लाख रुपये डेरी विकास के लिये थे। राज्यभूमि विकास बैंक ने केवल 4 लाख रुपये आहरित किये जिसमें से 3 लाख रुपये बागान और बागवानी के लिये थे और शेष 1 लाख रुपये लघु सिंचाई प्रयोजनों के लिये थे।

2.20 राज्य में अंविसंघ की सहायता प्राप्त सेब परियोजना का कार्यान्वयन प्रगति पर था। फिर भी विस्फोटक सामग्री सीमेंट और हामर जैसे आवश्यक कच्चे माल की कमी के कारण गड्ढों शीतगृहों और केबल पथों का निर्माण कार्य रुक गया। परियोजना के अंतर्गत 488 लाख रुपये का वितरण होना चाहिए था। मगर वर्ष के अंत तक केवल 204 लाख का ही वितरण हो पाया।

2.21 वर्ष के दौरान स्वीकार की गई 8 योजनाओं को मिलाकर जिनमें 62 लाख रुपये के वायदे थे, कृपुवित्त द्वारा राज्य में 39 योजनाओं के लिये किये गये कुल वायदों की राशि जून 1980 के अंत तक 9.10 करोड़ रुपये थी जिनके संदर्भ में 2.86 करोड़ रुपये के कुल पुनर्वित्त का उपयोग किया गया।

जम्मू और कश्मीर

2.22 वर्ष के दौरान राज्य में वित्तपोषक बैंकों ने पिछले वर्ष के 14 लाख रुपये के मुकाबले इस वर्ष 12 लाख रुपये का पुनर्वित्त लिया। सारा पुनर्वित्त राज्य भूमि विकास बैंक द्वारा कृषि मशीनीकरण के लिये दिये गये ऋण पर लिया गया। राज्य भूमि विकास बैंक का कार्य पिछले वर्ष से बेहतर रहा। वाणिज्य बैंकों ने 5 लाख रुपये लिये। जिसमें से 3 लाख रुपये डेरी विकास 1 लाख रुपये कृषि मशीनीकरण और शेष 1 लाख रुपये बागान और बागवानी के विकास के लिये प्राप्त किये गये।

2.23 राज्य में अंतरराष्ट्रीय विकास संघ की सहायता प्राप्त बागवानी परियोजना कार्यान्वित की जा रही है और वर्ष के दौरान दो सेब श्रेयीकरणी और पैकिंग केन्द्रों की स्थापना के लिये वित्तीय सहायता स्वीकार की गई है।

2.24 वर्ष के दौरान 6 योजनाओं के संबंध में 78 लाख रुपये के अतिरिक्त पुनर्वित्त वायदों सहित जून 1980 के अंत तक 257 लाख रुपये का संचयी वायदा रहा। जिसमें से वित्तपोषक बैंकों द्वारा 135 लाख रुपये लिये गये।

कर्नाटक

2.25 वाणिज्य बैंकों ने काफी अधिक वितरण किया। उनके हिस्से का 85 प्रतिशत से अधिक अंश अन्य विविध प्रयोजनों के लिये था। कृषि मशीनीकरण और लघु सिंचाई के लिये यह राशि क्रमशः 5 और 6 प्रतिशत थी। भूमि विकास बैंक को 4.0 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया। इसमें से 64 प्रतिशत लघु सिंचाई के लिये और शेष वितरण कृषि मशीनीकरण और अन्य विविध प्रयोजनों के लिये था।

2.26 पिछले साल के मुकाबले 1979–80 में 13.87 करोड़ रुपये का वितरण हुआ जो पिछले साल के मुकाबले थोड़ा कम था। यह कमी भूमि विकास बैंक के कार्य निष्पादन में हुई शिथिलता के कारण आई। अन्य कई राज्यों के मुकाबले कुल वितरण का 25 प्रतिशत लघु सिंचाई के लिए था; जबकि कृषि मशीनीकरण को छोड़कर लगभग तीन चौथाई विविध प्रयोजनों के अंतर्गत आनेवाली योजनाओं के लिये था। वाणिज्य बैंक राज्य में अपेक्षाकृत अधिक सक्रिय रहे। 1978–79 में लगे धक्के से भूमि विकास बैंक अभी तक संभल नहीं पाया है। प्रबन्ध संगठन और अनिदेय राशियों की वसूली के लिये कई कदम उठाए गए हैं जिससे बैंक आगामी वर्षों में एक नई भूमिका निभा सकेगा। राज्य में कृपुवित्त के कुल 213.42 करोड़ रुपये के वायदे थे और उपयोग केवल 118.11 करोड़ रुपये का हुआ।

2.27 कर्नाटक सिंचाई परियोजना के अन्तर्गत क्षेत्र विकास कार्यक्रम के लिये अधिक कार्य नहीं किया जा सका; क्योंकि इसे कानूनी रूप देने के लिये किये जाने वाले आवश्यक कानूनी उपायों में देरी हो गई थी। वर्ष के अंत में कानून के अंतर्गत नियम बनाये जा रहे थे। इस कारण यद्यपि कमांड क्षेत्र प्राधिकरण स्थापित कर दिये गये थे फिर भी वे प्रभावी ढंग से शक्ति का उपयोग नहीं कर पाये।

2.28 अंविसंघ की सहायता से एक अन्य महत्वपूर्ण योजना "रेशम उत्पादन कार्यक्रम" प्रारंभ किया गया। इससे संबंधित बैंकिंग योजनाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है और इसका कार्यान्वयन 1980–81 में काफी तेजी से आरम्भ हो जाने की संभावना है। राज्य में अंविसंघ की सहायता से दो अन्य योजनायें भी चल रही हैं। बाजार केन्द्र परियोजना ने प्रगति की है और जून 1980 के अन्त तक आवंटन के

80 प्रतिशत तक निधियों का उपयोग किया गया। अच्छी किस्म के पशु उपलब्ध न होने के कारण कर्नाटक डेरी परियोजना के अन्तर्गत संकर पशुओं के लिये राशि वितरण करने में तेजी न आ सकी।

केरल

2.29 वर्ष 1979–80 में भूमि विकास बैंक ने अपने कार्य में काफी सुधार किया है और इसकी प्रगति इस बात से स्पष्ट है कि वाणिज्य बैंकों द्वारा लिये गये 5.16 करोड़ रुपये के मुकाबले यह कृषुविनि से 4.82 करोड़ रुपये ले सका है। निवेश की दर जहां 1978–79 में काफी बढ़ गई थी वहां अब ऐसा प्रतीत होता है कि इसमें संतुलन आ गया है। प्रयोजनों की दृष्टि से यह बात बड़ी दिलचस्प रही कि लघु सिंचाई के लिये ऋण देने में क्रमशः वृद्धि हुई मगर कृषि मशीनीकरण के लिये प्रायः ऋण नहीं दिया गया। कुल अग्रिमों का लगभग 55 प्रतिशत कृषि मशीनीकरण को छोड़कर विभिन्न प्रयोजनों के लिये खास तौर पर बागानों (32%) के लिये था।

2.30 अंविसंघ की सहायता प्राप्त केरल कृषि विकास परियोजना का यहां विशेष उल्लेख किया जा सकता है जिसके अंतर्गत अपेक्षित गति से विकास नहीं हो पाया; इसका कारण प्रारम्भिक क्रियाविधि सम्बन्धी मुश्किलें और नारियल के पेड़ लगाने की योजना के प्रति लाभान्वित होने वाले कृषकों में आम झिझक थी जिस कारण से 13 करोड़ रुपये (अथवा परियोजना का लगभग 33 प्रतिशत) तक का ऋण-वितरण नहीं किया जा सका। फैक्टरियां लगाने के लिये उचित जमीन का अधिग्रहण करने में कठिनाईयां आने के कारण रबड़ अभिसंस्करण इकाई के संदर्भ में भी संतोषजनक प्रगति नहीं हो पायी।

2.31 वर्ष के दौरान अविसंघ ने 4 राज्यों में काजू परियोजना कार्यान्वयन के लिये अनुदित की जिनमें केरल भी शामिल है। परियोजना के अंतर्गत केरल में 12000 हेक्टेयर भूमि के विकास का लक्ष्य रखा गया है।

2.32 राज्य में कार्यान्वित की जा रही दो अन्य मुख्य परियोजनाओं हैं—कुट्टनाड भूमि विकास परियोजना और त्रिचूर कोल भूमि सुधार और विकास परियोजना। पहली परियोजना के अंतर्गत 6.06 करोड़ रुपये के ठोस पुनर्वित्त का उपयोग किया गया। दूसरी परियोजना के अंतर्गत 3.57 करोड़ रुपये के वायदे के मुकाबले केवल 1.16 करोड़ रुपये के पुनर्वित्त का उपयोग किया गया। आहरणों की धीमी गति का कारण यह था कि कार्यान्वयन देरी से प्रारम्भ हुआ।

2.33 राज्य में भूमि विकास बैंक ने वसूली का प्रतिशत समान रूप से संतोषजनक बनाये रखा। 1977–78 में अतिदेयों का स्तर केवल 5.0 प्रतिशत और 1978–79 में यह केवल 4.9 प्रतिशत था पिछले दो सालों में ऋण की विनियमन प्रणाली के अन्तर्गत वयनाड प्राथमिक भूबंधक बैंक को छोड़कर बाकी सभी प्राथमिक भूबंधक बैंकों को असीमित ऋण वितरण की पात्रता रही है।

मध्य प्रदेश

2.34 वर्ष 1978–79 में केवल 16.66 करोड़ रुपये का वितरण हुआ जबकि 1979–80 में इससे दुगुना अर्थात् 36.47 करोड़ रुपये का वितरण हुआ। वाणिज्य बैंकों का हिस्सा इसमें काफी बढ़ा रहा; 1978–79 के 9.55 करोड़ रुपये के मुकाबले उन्होंने 24.63 करोड़ रुपये के पुनर्वित्त का आहरण किया; जबकि भूमि विकास बैंक ने इसी अवधि में अपना आहरण 7.11 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 11.84 करोड़ रुपये कर लिया। इसमें लघु सिंचाई का हिस्सा अधिक रहा; क्योंकि उसे राज्य सरकार की ओर से प्राथमिकता मिली। भूमि विकास कृषि मशीनीकरण और अन्य विविध प्रयोजनों की योजनाओं का थोड़ा सा ही प्रभाव रहा।

2.35 भूमि विकास बैंक का कार्य भी आशानुरूप नहीं रहा; क्योंकि कई प्राथमिक भूमि विकास बैंकों पर भारी अतिदेय थे जिसके परिणामस्वरूप उन्हें असीमित ऋण देने की पात्रता प्राप्त नहीं हुई। 45 प्राथमिक भूमि विकास बैंकों में से केवल 16 प्राथमिक भूमि विकास बैंकों को असीमित ऋण वितरण और 28 को सीमित ऋण वितरण की पात्रता प्राप्त थी और एक बैंक ऐसा था जो किसी भी कार्यक्रम के लिये पात्र नहीं था। 1978–79 में शिखर बैंक स्तर पर 47.3 प्रतिशत राशि अतिदेय थी।

2.36 जैसा कि पिछले वर्ष की रिपोर्ट में बताया गया था कि अंविसंघ और के० एफ० डब्ल्यू० की सहायता से अलग अलग चलाए जा रहे कगांड क्षेत्र विकास कार्यक्रमों के अन्तर्गत वितरण की गति धीमी रही इसके मुख्य कारण थे—पर्याप्त मात्रा में उपयुक्त मशीनरी तथा प्रशिक्षित स्टाफ का न होना वस्तावेजों को पूरा करने में कानूनी समस्याओं के कारण देरी हो जाना तथा कृषकों द्वारा कार्यक्रम में रुचि न लेना। अंविसंघ की सहायता प्राप्त चंबल परियोजना के कार्यान्वयन की अवधि को बढ़ाकर जून 1981 तक कर लिया गया है जिसे पहले 31 दिसम्बर 1979 को पूरा हो जाना था।

2.37 अंविसंघ की सहायता प्राप्त बहुराज्यीय अंतर्देशीय मत्स्यपालन परियोजना में मध्य प्रदेश को भी शामिल कर लिया गया।

2.38 वर्ष के दौरान पुनर्वित्त वायदा 105.95 करोड़ रुपये का था, जबकि पिछले वर्ष यह राशि 60.63 करोड़ रुपये थी। आरंभ से अब तक कुल 299.99 करोड़ रुपये के वायदे किये गये, जिसमें से अब तक 140.88 करोड़ रुपये का उपयोग किया गया है।

महाराष्ट्र

2.39 भूमि विकास बैंक और वाणिज्य बैंकों, दोनों का ही कारोबार वर्ष के दौरान काफी अच्छा था। कुल मिलाकर उनके कारोबार में पचास प्रतिशत वृद्धि हुई और 36.9 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जिसमें से 20.4 करोड़ रुपये भूमि विकास बैंक और 16.5 करोड़ रुपये वाणिज्य बैंकों के हिस्से के हैं। 27.2 करोड़ रुपये लघु सिंचाई के लिये थे, जिसमें समन्वित रूई विकास परियोजना के 0.34 करोड़ रुपये शामिल नहीं हैं। भूमि विकास के अंतर्गत अंतरिम वित्त या अंतिम अदायगी के रूप में वितरण 0.63 करोड़ रुपये रहा है। कृषि मशीनीकरण को छोड़कर विविध प्रयोजनों का हिस्सा 4.9 करोड़ रुपये रहा। इसमें से अधिकतर मुर्गीपालन, भेड़ पालन, दुधारु पशु और बैल गाड़ियों के लिये था। कृषि मशीनीकरण के लिये 3.8 करोड़ रुपये का वितरण हुआ। ट्रैक्टर अधिकतर गन्ना उगाने वाले क्षेत्रों के लिये थे।

2.40 जिन विशेष प्रकार की योजनाओं के लिये निगम ने राज्य में वायदे किये हैं, उनमें से मारेक की बीमारी के विरुद्ध एक दिन के चूजों को बचाने के लिये मारेक के टीके बनाने के लिये एक कारखाना लगाने के साहसिक प्रयास का जिक्र भी किया जाना चाहिए। इस परियोजना के पूरी तरह से विकसित हो जाने पर मुर्गीपालन के लिये मंगाए जाने वाले इस टीके को बाहर से आयात करने की बहुत कम जरूरत पड़ेगी। नई बम्बई में एक नया मार्केट बनाने के लिये बम्बई कृषि उत्पाद विपणन समिति को दी गई सहायता का भी यहां उल्लेख करना उचित होगा, जहां नगर के भिन्न भिन्न भागों में स्थित आलू और प्याज के थोक बाजार को स्थानान्तरित करने का राज्य सरकार का प्रस्ताव है।

मणिपुर

2.41 गत वर्ष की भांति राज्य सहकारी बैंक ने राज्य में कृषुविनि द्वारा समर्थित योजनाओं में हिस्सा लिया। गत वर्ष के दौरान 43 लाख रुपये की तुलना में इस वर्ष के दौरान इसके द्वारा लिया गया पुनर्वित्त 10 लाख रुपये था। कृषि मशीनीकरण मुख्य प्रयोजन रहा, जिसके लिये 5 लाख रुपये उपयोग किये गये। बागान और बागवानी में 3 लाख रुपये और शेष 2 लाख रुपये मत्स्यपालन में लगे थे। राज्य में भू-आकृति के दबाव के कारण भूजल क्षमता का उपयोग नहीं किया जा रहा है। राज्य में सहकारी ऋण-ढांचे में बुनियादी कमी, किसानों की प्रतिक्रिया

की कमी, पहाड़ी क्षेत्रों में भूमि रिकार्ड का अभाव, कानून और व्यवस्था की असंतोषजनक स्थिति कृषि विकास योजनाओं के कार्यान्वयन की प्रगति मे अन्य प्रमुख बाधाएं रही।

2.42 वर्ष के दौरान स्वीकृत 55 योजनाओं के 72 लाख रुपये के वायदे के साथ जून 1980 के अन्त तक 82 योजनाओं के संबंध में कृषुविनि का संचयी वायदा 271 लाख रुपये तक पहुंच गया और केवल 89 लाख रुपये का कुल पुनर्वित्त लिया गया।

मेघालय

2.43 वर्ष के दौरान पुनर्वित्त की स्वीकृति लेने और उसे प्राप्त करने में कोई प्रगति नहीं हुई। निगम ने पिछले वर्ष तक 59 लाख रुपये के वायदों की 5 योजनायें स्वीकार की थीं, जिनमें से 49 लाख रुपये वाणिज्य बैंकों के हिस्से में तथा शेष 10 लाख रुपये राज्य सहकारी बैंक के हिस्से में आये। वन विकास मुख्य प्रयोजन था, जिसके लिये कृषुविनि द्वारा 44 लाख रुपये का वायदा किया गया। वन विकास निगम द्वारा योजना कार्यान्वित की जानी है। अब तक कोई आहरण नहीं किया गया।

नागालैंड

2.44 इस राज्य में वर्ष के दौरान न तो कोई नई योजना मंजूर की गई और न इसके पूर्व मंजूर की गई योजनाओं के संदर्भ में कोई पुनर्वित्त ही लिया गया। जून 1980 के अंत में मंजूर की गई योजनाओं की कुल संख्या 6 है और वित्तीय सहायता 50 लाख रुपये तथा कृषुविनि के वायदे 47 लाख रुपये हैं। जिनमें से 30 लाख रुपये की राशि भूमि विकास के लिये और शेष 17 लाख रुपये की राशि विविध प्रयोजनों से संबंधित कार्यक्रमों के लिये निर्धारित है। इस राज्य में जून 1980 के अंत तक राज्य सहकारी बैंक और वाणिज्य बैंकों द्वारा क्रमशः 11 लाख और 7 लाख रुपये की राशि ली गई है। राज्य में कृषि विकास की प्रगति को रोकने वाले तत्वों में भूमि संबंधी रिकार्डों का न होना, किसानों में उत्साह का अभाव, तकनीकी स्टाफ की कमी और मूलभूत सुविधाओं की अपर्याप्तता जैसे कारण भी जुड़े हुए हैं।

उड़ीसा

2.45 इस राज्य के 50 प्रतिशत गांवों को भयंकर सूखे का परिणाम भुगतना पड़ा; इसलिये वर्ष के दौरान विकास के काम में रुकावट आ गई। फिर भी कार्य काफी संतोषजनक रहा। वाणिज्य बैंकों ने काम अच्छा किया है (5.63 करोड़ रुपये)। जबकि इसके बाद भूमि विकास बैंक आते हैं (4.80 करोड़ रुपये)। उसके बाद केन्द्रीय सहकारी बैंकों के साथ-साथ राज्य सहकारी बैंकों ने (2.72 करोड़ रुपये) का उपयोग किया। वितरणों में ज्यादातर वितरण लघु सिंचाई के अन्तर्गत किये गये हैं। 13.15 करोड़ रुपये में से 10.88 करोड़ रुपये इस मद के लिये और इसके अनुसरण में कृषि मशीनीकरण से इतर प्रयोजनों के लिये 1.93 करोड़ रुपये वितरित किये गये हैं। लगभग 60 प्रतिशत ऋण कृषुविनि द्वारा परिभाषित छोटे किसानों को वितरित किया गया है। मूलभूत सुविधाओं की कमी और पर्याप्त तकनीकी सहायता के अभाव के कारण बैंकों के ऋण वितरण कार्यक्रम के कार्य में बाधा आई है।

2.46 राज्य के बड़े हिस्से में आदिवासी रहते हैं। विकास पूर्व संभावनाओं का पता लगाने के उद्देश्य से कृषुविनि के अधिकारियों के देश एक दल ने भू जल उपलब्धता की संभावनाओं का अध्ययन करने के लिये अप्रैल 1980 में गंजम जिले की एक आदिवासी बस्ती, रायगढ़ के दौरा किया था और निष्कर्षों के आधार पर कूप योजना का एक नमूना तैयार किया गया और आवश्यक कार्रवाई के लिये राज्य सरकार को भेजा गया।

पंजाब

2.47 पंजाब राज्य ने 1979-80 के दौरान कृषुविनि से पुनर्वित्त सुविधा प्राप्त करने में तिगुनी बढ़ोतरी की है और उसने पिछले वर्ष के 16.2 करोड़ रुपये के मुकाबले, इस वर्ष 50.2 करोड़ रुपये निकाले हैं। इसमें से सबसे अधिक सहायता वाणिज्य बैंकों को दी गई। कृषि क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति करने वाले राज्य होने के कारण पंजाब में कृषि मशीनीकरण की बड़ी मांग थी। इसलिये इसने 32.08 करोड़ रुपये लिये। इसमें भूमि विकास बैंक का हिस्सा 8.62 करोड़ रुपये था। जल नालियां और गहरे नलकूप बनाये जाने के कारण 11.07 करोड़ रुपये का बड़ा हिस्सा लघु सिंचाई के उपयोग में लाया गया। केवल वाणिज्य बैंकों ने अन्य विविध प्रयोजनों के लिये 5.57 करोड़ रुपये का वितरण किया। वर्ष के दौरान अविसंघ की सहायता प्राप्त पंजाब सिंचाई परियोजना आरंभ की गई, जो एक प्रमुख कार्य है। इस कार्य के अंतर्गत हुए वितरण से 36 लाख डालर की विदेशी सहायता प्राप्त करना संभव हो सका।

2.48 राज्य में मंजूर की गई विशेष योजनाओं में पिछड़े वर्ग और लघु तथा सीमांत कृषकों के पढ़े-लिखे बेरोजगार युवकों द्वारा स्थापित की जाने वाली 1000 डेरी इकाइयों के लिये वाणिज्य बैंकों के माध्यम से वित्तपोषण करने हेतु पंजाब पिछड़ा वर्ग विकास वित्त निगम के वायदे का उल्लेख करना उचित होगा। राज्य में 7 लाख मैट्रिक टन भण्डारण क्षमता के निर्माण के लिये पंजाब राज्य गोदाम निगम द्वारा बनाई गई योजना, दूसरा उल्लेखनीय कार्य है। इसमें 2 लाख मैट्रिक टन का निर्माण अपनी ओर से और कब्जे के लिये निगम की गारंटी पर 5 लाख मैट्रिक टन का निर्माण निजी पार्टियों द्वारा किया जाएगा।

2.49 राज्य भूमि विकास बैंकों की वसूली की स्थिति हमेशा की तरह इस बार भी अच्छी रही और इससे वाणिज्य बैंकों के साथ राज्य में अधिक पुनर्वित्त का वितरण सुनिश्चित करना संभव हो सका। पिछले वर्ष के 36.9 करोड़ रुपये के मुकाबले इस वर्ष कृषुविनि का वायदा 70.01 करोड़ रुपये का था। कुल वायदे 232.76 करोड़ रुपये के थे और उसमें से 144.38 करोड़ रुपये का उपयोग किया गया।

राजस्थान

2.50 वर्ष के दौरान संपन्न हुए मुख्य मुख्य कार्य इस प्रकार हैं:

(i) राज्य ने अपने कार्यकलापों को थोड़ा सुधारा है। राज्य भूमि विकास बैंकों ने इस वर्ष पहले से थोड़ा अधिक वितरण किया है।

(ii) राज्य के वाणिज्य बैंक अन्य राज्यों की तरह अपनी कार्यक्षमता नहीं बनाये रख सके; (iii) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने पहली बार कुछ पुनर्वित्त प्राप्त किया। (iv) उसी प्रकार अन्त्योदय कार्यक्रम के अधीन राज्य सहकारी बैंकों ने लगभग 1 करोड़ रुपये का वितरण किया।

2.51 वर्ष 1978-79 का समग्र वितरण 16.2 करोड़ रुपये था और वह इस वर्ष के दौरान बढ़कर 18.15 करोड़ रुपये हो गया। प्रयोजनवार वितरणों में परिवर्तन की प्रवृत्ति देखी गई। लघु सिंचाई और विविध प्रयोजनों के लिये हुए वितरणों में थोड़ी सी वृद्धि हुई तो भूमि विकास और कृषि मशीनीकरण के अन्तर्गत हुए कुल वितरण में गिरावट देखी गई। विविध प्रयोजनों के अन्तर्गत हुए वितरण में वृद्धि इसलिये हो सकी कि कमजोर समुदाय के सबसे अधिक कमजोर वर्ग की मदद करने के उद्देश्य से राज्य सहकारी बैंक के लिये अन्त्योदय कार्यक्रम सामक एक विशेष कार्यक्रम मंजूर किया गया।

2.52 अविसंघ की सहायता प्राप्त राजस्थान नहर कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजना की प्रगति मुख्य रूप से सीमेंट और अन्य वस्तुओं की कमी, पात्रता प्राप्त किसानों को भूमि के बड़े खण्डों के आबंटन में हुई देरी तथा भूमि हस्तांतरण से संबंधित कानूनी और प्रक्रियात्मक कठिनाइयों के कारण धीमी रही। अंपुवि बैंक की सहायता प्राप्त चम्बल कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजना के खेती विकास कार्यक्रम के कार्यान्वयन पर भी कानूनी अड़चन और किसानों के बीच भूमि के पुनःसंरेखण से संबंधित प्रक्रियात्मक कठिनाइयों, पर्याप्त यंत्र और उपकरणों इत्यादि की कमी के कारण बुरा असर पड़ा।

2.53 वर्ष के दौरान राजस्थान कमाण्ड क्षेत्र विकास और भू-व्यवस्था परियोजना नामक एक नई परियोजना कृषि विकास हेतु अंतर्राष्ट्रीय कोष (आई० एफ० एडी०) द्वारा मंजूर की गई है। इस योजना के अन्तर्गत 2.51 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में खेती विकास के लिये ऋण सहायता दी गई है और इस योजना के अन्तर्गत 1980-81 से 5 साल की अवधि के लिये 41.76 करोड़ रुपये के पुनर्वित्त का वायदा किया गया है।

तमिलनाडु

2.54 इस राज्य में वाणिज्य संस्थाओं ने कृषि निवेशों के लिए वित्त उपलब्ध कराने में वास्तव में कोई फुर्ती नहीं दिखाई। 1976-77 में 16 करोड़ रुपये की बड़ी रकम के मुकाबले 1979-80 में कृषि के लिए मीयादी ऋण देने का कारोबार क्षीण हो गया और केवल 9.64 करोड़ रुपये की राशि दी गई। राज्य भूमि विकास बैंक का हिस्सा केवल 2.87 करोड़ रुपये का था जबकि वाणिज्य बैंकों का हिस्सा 6.77 करोड़ रुपये का था। लघु सिंचाई का वित्तपोषण करने के लिए राज्य सरकार द्वारा वाणिज्य बैंकों को सौंपी गई सीमित भूमिका के कारण अन्य विविध प्रयोजनों के लिए 6 करोड़ रुपये दिए गए, जिसमें कृषि मशीनीकरण के लिए प्रदत्त 0.61 करोड़ रुपये शामिल हैं। यद्यपि राज्य सरकार ने कृषक समुदाय में व्याप्त असंतोष की जांच करने के लिए एक उच्चाधिकार समिति का गठन किया था तथापि, राज्य सरकार ने उस पर जो कार्रवाई की, उससे वे संतुष्ट नहीं हुए और वर्ष भर में आन्दोलन चलता रहा। सहकारी बकाया रकम के सम्बन्ध में हुई चूक के फलस्वरूप वाणिज्य बैंकों का परिचालन भी बुरी तरह प्रभावित हुआ।

2.55 श्रीलंका से प्रत्यावर्तित लोगों के पुनर्वास के लिए स्थापित चाय बागान निगम की सफल योजनाएं उल्लेखनीय हैं। तमिलनाडु में सात्तूर के अकेले क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ने एक अच्छी शुरूआत की है। इसने मीयादी ऋणों के रूप में 109 लाख रुपये वितरित किए हैं और कृषुविनि से 97.00 लाख रुपये का पुनर्वित्त लिया है।

त्रिपुरा

2.56 इस वर्ष राज्य में वाणिज्य बैंकों द्वारा किया गया वितरण 11 लाख रुपये था, जबकि यह पिछले वर्ष 1 लाख रुपये था। 3 लाख रुपये लघु सिंचाई के लिए दिए गए और शेष 8 लाख रुपये विविध प्रयोजनों के लिए वितरित किए गए। इनमें से 3 लाख रुपये मत्स्यपालन, 2 लाख रुपये बागान और बागबानी और 3 लाख रुपये अन्य प्रयोजनों के लिए वितरित किए गए हैं। वन विकास योजना का कार्यान्वयन त्रिपुरा वन विकास और बागान निगम सीमित के माध्यम से किया जाना है।

2.57 राज्य के कृषि विकास की प्रगति में विभिन्न कारणों से रुकावट आई, जिनमें से प्रमुख इस प्रकार थीं—सहकारी ऋण ढांचे की कमजोरी, मूलभूत सुविधाओं की कमी, अद्यतन भूमि रिकार्डों का अभाव और जनजातियों को प्रेरित करने में कमी।

2.58 राज्य में जून, 1980 के अन्त तक कृषुविनि के कुल वायदे 103 लाख रुपये के थे, जिनमें से वर्ष के दौरान 5 योजनाओं के लिए 37 लाख रुपये के वायदे पूरे किए गए। वर्ष के अन्त में राज्य में वित्तपोषक बैंकों ने कुल 23 लाख रुपये का पुनर्वित्त लिया।

उत्तर प्रदेश

2.59 उत्तर प्रदेश विशेष परिस्थितियों से प्रभावित रहा है। उत्तर भारत के कई स्थानों में पड़े अकाल का प्रकोप उत्तर प्रदेश में बड़ा भीषण था और इसके साथ-साथ भूमि विकास बैंक, जिससे कि काफी अच्छा प्रदर्शन करने की अपेक्षा थी, अपने अन्दरूनी झगड़ों के कारण वर्ष की अन्तिम तिमाही में ठीक प्रकार से कार्य नहीं कर पाया। पिछले वर्ष के 26.11 करोड़ रुपये के मुकाबले, इस वर्ष भूमि विकास बैंक का वितरण 28.65 करोड़ रुपये रहा। इसी प्रकार वाणिज्य बैंकों ने 27.95 करोड़ रुपये का वितरण किया और उसकी प्रगति भी महत्वपूर्ण रही। दोनों वर्गों की संस्थाओं के वितरण में मूल अंतर यह रहा कि जहां भूमि विकास बैंक ने सारा वितरण लघु सिंचाई के लिए किया, वहां वाणिज्य बैंकों ने मुख्य रूप से कृषि मशीनीकरण (18.22 करोड़ रुपये) लघु सिंचाई (6.29 करोड़ रुपये) और अन्य विविध प्रयोजनों के लिए (3.44 करोड़ रुपये) वितरण किया।

2.60 वर्ष के दौरान जिन दो नई प्रकार की विकास गतिविधियों के लिए कृषुविनि ने पुनर्वित्त के वायदे किये, उनका सम्बन्ध निजी और सहकारी दोनों प्रकार के क्षेत्रों द्वारा आलू को सुरक्षित रखने के लिए शीतगृह बनाने और सहकारी चीनी फैक्टरी द्वारा अतिरिक्त भंडार क्षमता बढ़ाने से था।

2.61 कृषुविनि ने वर्ष के दौरान 12.5 करोड़ रुपये के पुनर्वित्त का वायदा राज्य में कार्यान्वित किए जा रहे रामगंगा, शारदा सहायक और गंडक क्षेत्रों के कमाण्ड क्षेत्र विकास कार्यक्रम के लिए किया। इस परियोजना का कार्य काफी प्रगति पर था, परन्तु बंधकपत्र बनाने के सम्बन्ध में आई प्रक्रियागत कठिनाइयों और अंतरिम वित्त के परिवर्तन के लिए दस्तावेज आदि से सम्बन्धित औपचारिकताओं को पूरा करने में इससे लाभान्वित होने वालों की अनिच्छा के कारण सहभागी बैंकों ने पुनर्वित्त प्राप्त नहीं किया।

2.62 राष्ट्रीय बीज परियोजना चरण II और अविसंघ द्वारा सहायता प्राप्त अन्तर्वेशीय मत्स्यपालन परियोजना राज्य में कार्यान्वित की जा रही है।

पश्चिम बंगाल

2.63 इस वर्ष राज्य में कृषुविनि के वायदे काफी कम रहे अर्थात 109 योजनाओं के लिए 12.4 करोड़ रुपये के वायदे थे, जबकि पिछले वर्ष 97 योजनाओं के लिए 23.8 करोड़ रुपये के वायदे थे। भूजल और सतही जल स्रोत क्षमता के लिए अनुमोदन प्रमाणपत्र जारी करने में देर लग जाने से योजना बनाने के प्रयासों में गतिरोध आया प्रतीत होता है, जून 1980 के अन्त तक 402 योजनाओं के लिए कुल वायदों का जोड़ 78 करोड़ रुपये था। वर्ष के दौरान किये गए वायदों में से 5.2 करोड़ रुपये के वायदे लघु सिंचाई से सम्बन्धित थे और शेष 7.2 करोड़ रुपये विविध प्रयोजनों के लिए थे, जिसमें से 1.7 करोड़ रुपये की राशि कृषि मशीनीकरण के लिए थी।

2.64 इस वर्ष राज्य में किया गया पुनर्वित्त का वितरण 9.81 करोड़ रुपये था जो कि पिछले वर्ष के 10.4 करोड़ रुपये के वितरण से थोड़ा कम था। जून, 1980 तक निगम का संचयी वितरण 38.81 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया।

2.65 वाणिज्य बैंकों ने भूमि विकास बैंक के मुकाबले काफी संतुलित वितरण करने का प्रयास किया। भूमि विकास बैंक ने वर्ष के दौरान 4.4 करोड़ रुपये का वितरण किया, जिसमें से 3.4 करोड़ रुपये लघु सिंचाई के लिए थे। वाणिज्य बैंकों ने 5.4 करोड़ रुपये वितरित किये जिसमें से 3.1 करोड़ रुपये अन्य विविध प्रयोजनाओं के लिए, 2.0 करोड़ रुपये लघु सिंचाई के लिए और केवल नाममात्र की राशि कृषि मशीनीकरण के लिए थी। यह स्थिति ज्यादातर भूमि विकास बैंक के मामले में प्रतिभूतियों के सम्बन्ध में विद्यमान प्रतिबंधित प्रावधानों के कारण है। वित्तपोषण में वृद्धि की गति को और तेज करने के लिए राज्य सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में योजनाओं का पता लगाने के लिए अध्ययन दलों की स्थापना की है और वे प्रगति के भिन्न-भिन्न स्तरों पर हैं।

2.66 राज्य में कार्यान्वित की जा रही अविसंघ की सहायता प्राप्त कृषि विकास परियोजना की अवधि एक वर्ष और बढ़ा दी गई है। यह योजना 30 मार्च, 1980 को पूरी होनी थी।

2.67 राज्य सरकार ने समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत सामुदायिक प्रकृति की योजनाओं का कार्यान्वयन अंचल पंचायत समितियों और जिला परिषदों के माध्यम से करवाने का निश्चय किया था। कृषुविनि ने पंचायत समितियों को ऋण देने वाले बैंकों को कुछ सुरक्षात्मक उपायों के साथ प्रयोगात्मक आधार पर पुनर्वित्त प्रदान करने की इच्छा जाहिर की थी।

वर्ष के दौरान लिए गए नीति सम्बन्धी (निर्णय)

1. पुनर्व्यवस्था कार्यक्रम के अन्तर्गत लघु कृषकों को प्राथमिक भूमि विकास बैंकों द्वारा ऋण

लघु कृषकों को बड़ी मात्रा में ऋण उपलब्ध कराने के कार्य को बढ़ावा देने की दृष्टि से प्राथमिक भूमि विकास बैंकों/शाखाओं को, जो लघु कृषक विकास एजेंसी, सूखाग्रस्त क्षेत्र कार्यक्रम, नियंत्रण क्षेत्र विकास एजेंसी जैसे विशेष कार्यक्रमों के अन्तर्गत आते हैं तथा जिन्हें नये ऋण प्रदान करने की पात्रता प्राप्त है, दिनांक 1 जनवरी, 1979 से लागू छूट के अनुसार किसी प्रतिबन्ध के बिना, इन कार्यक्रमों के अन्तर्गत परिभाषित लघु कृषकों को उधार देने की अनुमति दी गई है। चालू वर्ष के दौरान यह भी निर्णय लिया गया है कि प्राथमिक भूमि विकास बैंक/शाखाओं को, जिन्हें ऋण की पात्रता नहीं थी, छोटे किसानों को ऋण देने की सुविधा इस शर्त पर दी गई कि सम्बन्धित प्राथमिक भूमि विकास बैंक/शाखा के लिए अन्य बातों के अलावा, संगठन को समर्थ बनाने, वित्तीय स्थिति को सक्षम बनाने, तकनीकी सहायता को बढ़ाने और उचित अवधि के भीतर अतिदेय राशि के स्तरों में सुधार लाने के उपायों के लिए पुनर्व्यवस्था का समयबद्ध कार्यक्रम भारतीय रिजर्व बैंक/कृषुविनि की संतुष्टि के अनुरूप किया जाए।

2. विशेष कार्यक्रमों के लिए ऋणों पर 90 प्रतिशत रियायती पुनर्वित्त

3.2 अब तक 90 प्रतिशत पुनर्वित्त सुविधा लघुकृषक विकास एजेंसी तथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन-जातियों और गिरिजनों के हित की विशेष योजनाओं के लिए उपलब्ध थी। निगम ने ऐसे कार्यक्रमों को, जो कि परिस्थितियों के कारण या आर्थिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों में आते हों या कमजोर वर्गों के लिए जो मरु क्षेत्र विकास या पहाड़ी क्षेत्र विकास एजेंसी, कमाण्ड क्षेत्र विकास एजेंसी, समन्वित ग्रामीण विकास एजेंसी जैसी विशेष संस्थाओं के तत्वावधान में आते हों, नवम्बर, 1979 में 90 प्रतिशत पुनर्वित्त की सुविधा कुछ शर्तों के अधीन दी अर्थात आर्थिक सहायता बैंकों के माध्यम से दी जाए, भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा लाभार्थियों की शिनाख्त और निधि के दक्ष प्रशासन के सम्बन्ध में उपयुक्त देखरेख और लेखा परीक्षण/प्रक्रिया का प्रबन्ध किया जाए।

3. राज्य भूमि विकास बैंकों द्वारा निगमित निकायों का वित्तपोषण

3.3 कृषुविनि ने किसानों के हित में बनाई गई विपणन समितियों, मालगोदाम निगमों आदि निगमित निकायों को एक निश्चित सीमा तक वित्तपोषण करने के लिए राज्य भूमि विकास बैंकों को भारतीय रिजर्व बैंक की सलाह लेकर सहमति देने का निश्चय किया है। पुनर्वित्त की मात्रा 75 से 90 प्रतिशत के बीच विकास के प्रयोजन को देखते हुए वितरित किए गए ऋण के अनुरूप होगी।

4. राज्य भूमि विकास बैंकों को अंतरिम वित्त

3.4. कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने सहकारी संस्थाओं के गठन तथा विशेष डिबेंचर कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य भूमि विकास बैंकों के ऋण वितरण से संबंधित साधनों की तृप्तिकर व्यवस्था बनाए रखने के लिए 1 जनवरी, 1980 से राज्य भूमि विकास बैंकों को अन्तरिम वित्त प्रदान करने का निश्चय किया। यह आशा की जाती है कि यह अंतरिम वित्त अंतिम ऋणकर्त्ताओं को ऋण के वितरण की तारीख और विशेष डिबेंचर जारी करने की तारीख के बीच के समयांतर के लिए पूरक वित्त के रूप में काम आएगा और इस समय इस पर वार्षिक 10 प्रतिशत ब्याज लगेगा।

5. भूमि विकास बैंकों द्वारा ऋण की किस्त वसूली का स्थगन

3.5 प्राकृतिक विपत्तियों से प्रभावित ऋणकर्ताओं को जहां राज्य सरकारों ने 6 आने या कम आनेवारी घोषित की है तथा भू-राजस्व और सरकार को देय राशियों की वसूली निलंबित/प्रेषित की है, चुकौती की अवधि बढ़ाने के संबंध में राज्य भूमि विकास बैंकों द्वारा व्यक्त की गई कठिनाई को ध्यान में रखते हुए, भारतीय रिजर्व बैंक/कृषुविनि ने यह निर्णय किया है कि प्राकृतिक विपत्तियों से प्रभावित ऋणकर्ताओं से ऋण की किस्तों की वसूली का स्थगन करने की सविधा निश्चित शर्तों के अधीन देय ऋण की अवधि बढ़ाते हुए की जाए। निगम ने अपने पास रखे हुए संबंधित डिबेंचरों के शोधन को उस हालत में आस्थगित करने का भी निर्णय लिया है, जब किस्तों की वसूली के ऐसे स्थगन के कारण भूमि विकास बैंक वार्षिक भुगतान के संबंध में उनकी अपनी निधि से वित्तीय वादा पूरा करने में असमर्थ रहते हों।

6. समन्वित रूई विकास परियोजना के अल्पावधि ऋणों का मध्यावधि ऋणों में परिवर्तन

3.6 समन्वित रूई विकास परियोजना के अंतर्गत परियोजना क्षेत्र में निगम रूई की उन्नत किस्म उगाने के लिये चुने हुए वाणिज्य बैंकों और राज्य सहकारी बैंकों को पुनर्वित्त देता रहा है। हरियाणा के परियोजना क्षेत्र में व्याप्त सूखे की विकट स्थितियों को ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम के अन्तर्गत हरियाणा में राज्य सहकारी बैंक को दिये गये अल्पावधि ऋणों के एक भाग को मध्यावधि ऋण में परिवर्तित करने की अनुमति निगम ने उन्हीं नियमों और शर्तों के अधीन दी है जिनके अन्तर्गत भारतीय रिजर्व बैंक ने परिवर्तन सुविधायें प्रदान की हैं।

7. वाणिज्य बैंकों/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का वसूली कार्य

3.7 यह सुनिश्चित करने की दृष्टि से कि वाणिज्य बैंकों/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा अतिदेय राशियों की समस्या पर और विशिष्ट कृषि विकास कार्यक्रमों के सन्दर्भ में उन पर अनुवर्ती कार्यवाही करने की आवश्यकता तथा शाखाओं द्वारा उनके कार्यान्वयन पर आवश्यक ध्यान दिया जा रहा है, कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम ने वाणिज्य बैंकों/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को सूचित किया है कि स्वीकृति के लिये निगम को प्रेषित योजना प्रस्तावों में, संबंधित योजनाओं में भाग लेने वाली शाखाओं के वसूली कार्य के संबंध में पूरा ब्योरा दें। यदि भाग लेने वाली शाखाओं की अतिदेय राशि मीयादी ऋणों के अन्तर्गत पिछले वर्ष के 30 जून को या अद्यतन नियत तिथि को मांग के 50 प्रतिशत से अधिक होती है, तो बैंकों से यह अपेक्षा की गई थी कि उच्च स्तर की अतिदेय राशियों के कारणों और उनकी वसूली में सुधार के लिये उठाए गए या उठाए जा रहे उपायों को निर्दिष्ट करें।

8. खाद्यान्न संग्रह गोदामों के निर्माण के लिये पुनर्वित्त

3.8 कृषक वर्ग के आर्थिक हितों के लिये उनके कृषि उत्पादन तथा उर्वरक, कीटनाशक, बीज और अन्य कृषि औजारों के लिये भंडार सुविधा जुटाने हेतु ग्रामीण गोदामों के निर्माण कार्य के लिये 50 प्रतिशत वित्तीय सहायता (25 प्रतिशत भारत सरकार द्वारा तथा 25 प्रतिशत सम्बन्धित राज्य सरकार द्वारा) देने के निमित्त भारत सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं के संबंध में, निगम ने ऐसे गोदामों के निर्माण के लिये पात्र संस्थाओं, सहकारी समितियों/विपणन समितियों/मार्केट कमेटियों/राज्य गोदाम निगमों द्वारा दिये गये ऋण पर 80 प्रतिशत पुनर्वित्त सहायता देने की सहमति दी है।

9. मशीनी खाद संयंत्रों के लिये पुनर्वित्त

3.9 निगम ने मशीनी-खाद संयंत्रों के निर्माण के लिये महानगरों या बड़े नगरों में नगरपालिकाओं और कृषि उद्योग निगमों या इसी प्रकार के दूसरे अभिकरणों द्वारा स्थापित संयुक्त उद्यमों के माध्यम से दिये गये बैंक ऋणों के संबंध में पुनर्वित्त सुविधा देने का निश्चय किया

है, बशर्ते कि योजनाएं भारत सरकार या राज्य सरकारों द्वारा आर्थिक सहायता के लिये अनुमोदित हों। इस संबंध में आवश्यक मार्ग निर्देश जारी किये जा चुके हैं।

[प्रमुख लक्ष्य और उपलब्धियां

क्षेत्रीय असंतुलन को कम करना, संस्था का विकास, छोटे किसानों को अपने कार्यक्रमों द्वारा आर्थिक सहायता और कारोबार में वैविध्य लाने जैसे प्रमुख लक्ष्यों को साधने में निगम निरन्तर ठोस प्रयत्न करता आ रहा है। इन लक्ष्यों को पूरा करने में वर्ष के दौरान काफी सफलता मिली है।

4.2 कम विकसित क्षेत्रों में वितरण का प्रतिशत 1972–73 के 19 के मुकाबले 1979–80 के दौरान कुल वितरण करीब 40 प्रतिशत तक बढ़ गया है (सारणी 13)। संस्था विकास के प्रयास को बढ़ावा देने और योजनाओं के स्तर में सुधार लाने के लिये भूमि विकास बैंकों की कार्यक्षमता बढ़ाने की दृष्टि से कृषुविनि ने अपनी अनुसंधान एवं विकास निधि से सहायता देकर तकनीकी कक्षों के निर्माण में मदद देने का निश्चय किया है, जैसा कि रिपोर्ट में अन्यत्र चर्चा की गई है। इसके अलावा कृषुविनि ने भारतीय रिजर्व बैंक के सहयोग से विशेष रूप से पांच राज्यों में (बिहार, तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक) सम्बद्ध प्राथमिक संस्थाओं द्वारा अथवा एकात्मक स्वरूप की शाखाओं सहित भूमि विकास बैंकों के पुनः स्थापन के लिये कार्यक्रम तैयार किये हैं। वाणिज्य बैंकों की अतिदेय राशियों का स्तर भी एक चिन्ता का विषय बना हुआ है और वाणिज्य बैंकों द्वारा कृषि ऋण दिये जाने के संबंध में निर्मित समिति (सीएएलसीओबी) की सलाह लेकर कृषुविनि इस बात पर जोर दे रहा है कि अतिदेय राशि मांग के 50 प्रतिशत से अधिक होने पर बैंक इस दिशा में उपयुक्त कदम उठाये। विविधोद्देश्यीय प्रयोजनों के लिये ऋण देने की दिशा में जो परिवर्तन लाने की बात सोची गई थी, पिछले कुछ वर्षों से वह पूरी होती नजर आ रही है। निगम द्वारा विविध प्रयोजनों के लिये दिया गया पुनर्वित्त (कृषि मशीनीकरण से इतर) कृषुविनि के वितरण का 20 प्रतिशत हो गया है।

सारणी 13—कम विकसित/अल्पविकसित राज्यों में किये गये वितरण

(लाख रुपये)

राज्य/संघशासित क्षेत्र	निम्नलिखित वर्ष के दौरान वितरण				30-6-1980 तक किया गया वितरण
	1972–73	1977–78	1978–79	1979–80	
हिमाचल प्रदेश	–	23	50	185	286
	(0.2	(0.1)	(0.2)	(0.5)	(0.2)
जम्मू तथा कश्मीर	–	15	14	12	135
		(0.1)	(–)	(–)	(0.1)
राजस्थान	136	1312	1616	1815	7084
	(1.4)	(5.6)	(5.7)	(4.4)	(4.1)
असम	–	273	235	286	1004
		(1.2)	(0.8)	(0.7)	(0.6)
मणिपुर	–	23	43	10	89
		(0.1)	(0.2)	(–)	(0.1)
मेघालय	–	–	–	–	–
नागालैण्ड	–	5	–	–	(18)
		(–)			–
त्रिपुरा	–	8	1	11	23
		(–)	(–)	(–)	(–)
बिहार	154	1864	2253	2468	11523
	(1.6)	(8.0)	(7.9)	(6.0)	(6.6)
उड़ीसा	11	816	875	1315	4042
	(0.1)	(3.5)	(3.1)	(3.2)	(2.3)
पश्चिम बंगाल	4	996	1045	981	3881
	(0.1)	(4.3)	(3.7)	(2.4)	(2.2)
अंडमान निकोबार द्वीप समूह				1	1
				(–)	(–)
मध्य प्रदेश	319	1670	1666	3647	14088
	(3.4)	(7.1)	(5.9)	(8.9)	(8.1)
उत्तर प्रदेश	1143	4317	4877	5660	26935
	(12.1)	(18.4)	(17.1)	(13.7)	(15.5)
कुल (सभी कम विकसित राज्य)	1767	11322	12675	16391	69109
	(18.8)	(48.3)	(44.5)	(39.8)	(39.8)
कुल (अखिल भारतीय)	9414	23430	28487	41223	173819
	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)

कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े जोड़ के प्रतिशत हैं—अखिल भारतीय

लघु कृषकों को सहायता

4.3 वर्ष 1975 में पहली कृषविनि साख परियोजना के प्रारम्भ से ही निगम छोटे किसानों की जरूरतें पूरी करने की ओर विशेष ध्यान देता आ रहा है। यद्यपि लघु कृषकों की मूल परिभाषा यह थी कि अखिल भारतीय कृषि श्रमिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर 1972 की दरों के अनुसार विकास पूर्व 2000 रुपये वार्षिक शुद्ध आय वाले किसान लघु कृषक कहलाएंगे, उक्त परिभाषा जारी रहेगी परन्तु आय का स्तर 3200 रुपये होगा (दिसम्बर 1979 के सूचकांक के आधार पर) जो संबंधित राज्यों के सूचकांकों के आधार पर थोड़ा परिवर्तित हो सकता है। निगम ने यह सुनिश्चित किया है कि लघु कृषक विकास अभिकरण, सूखाग्रस्त क्षेत्र, कमाण्ड क्षेत्र विकास अभिकरण इत्यादि कार्यक्रमों के अन्तर्गत लघु कृषकों को सहायता दी गई है। किसानों को अधिक मात्रा में संसाधन उपलब्ध कराने के लिये निगम ने जो सुविधायें प्रदान की हैं, वे इस प्रकार हैं: (i) सभी प्रयोजनों के लिये ऋण पर लाभार्थियों के लिये निर्धारित 9½ प्रतिशत की कम ब्याज पर, (ii) चुकौती के लिये अधिक समय और तुरन्त भुगतान न्यूमतर; (iii) ज्यादा उधार छोटे किसानों को देने के संबंध में बैंकों को प्रोत्साहन करने के लिये, उन्हें वितरण की 90 प्रतिशत पुनर्वित सुविधा, (iv) बैंकों के योजना-प्रस्ताव के रूप में समझे जाने वाले समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के लिये बैंकिंग योजनायें बनाने में लघु कृषक विकास अभिकरण, सूखाग्रस्त क्षेत्र परियोजना और कमाण्ड क्षेत्र विकास अभिकरण सहित, राज्य प्राधिकरणों के संयोग से विशिष्ट सहायता देना। वर्ष 1979–80 के दौरान सदस्य बैंक समग्र रूप में छोटे किसानों को 58 प्रतिशत सहायता दे पाये हैं; लघु सिंचाई के लिये 61 प्रतिशत और कृषि मशीनीकरण और भण्डार और बाजार केन्द्र से इतर विविध प्रयोजनों के लिये 47 प्रतिशत सहायता दे पाये हैं। 1979–80 में कृषविनि-कार्यक्रम के अंतर्गत लघु कृषकों को प्राप्त सहायता के आंकड़े नीचे सारणी 14 में दिये गये हैं।

सारणी 14—लघु कृषकों को वित्त*

(करोड़ रुपये)

प्रयोजन	1979–80 के दौरान कुल वितरण	1979–80 के दौरान लघु कृषकों को वितरण		प्रतिशत
		राशि	खातों की संख्या	
लघु सिंचाई और भूमि विकास	235.8	144.2	192000	61.2
विविध प्रयोजन	57.7	26.1	65000	46.9
जोड़	291.5	170.3	257000	58·9

*अनन्तिम

टिप्पणी : कृषि मशीनीकरण भण्डार और केन्द्र समन्वित रूई विकास परियोजना के अन्तर्गत किया गया वितरण, मध्य प्रदेश में कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजना के अन्तर्गत दिया गया अंतरिम वित्त इत्यादि शामिल नहीं है।

4.4 कृषविनि ने अपनी तीसरी साख परियोजना के दौरान 60 प्रतिशत लघु कृषकों को सहायता देने का लक्ष्य अपने समक्ष रखा है। किन्तु फिर भी सदस्य बैंकों से अन्यान्य कृषविनि कार्यक्रमों के अन्तर्गत लघु कृषकों के समावेशन से संबंधित आंकड़े व्यवस्थित और नियमित रूप से इकट्ठा करने में निगम कठिनाई का अनुभव कर रहा है।

1 अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ/अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक की सहायता प्राप्त परियोजनायें:

अंविसंघ ने दूसरी कृषविनि (सामान्य व्यवस्था) साख परियोजना अगस्त 1977 में मंजूर की और 30 दिसम्बर 1979 तक 2000 लाख डालर की आबंटित राशि का संपूर्ण वितरण किया। तीसरी कृषविनि साख परियोजना (सामान्य व्यवस्था) 2 जनवरी, 1980 को आरंभ की गयी। वर्ष के दौरान तीन और परियोजनायें अर्थात् अन्तर्देशीय मत्स्यपालन परियोजना, बहुराज्यीय काजू परियोजना और कर्नाटक रेशम उत्पादन परियोजनाओं पर अंविसंघ, भारत सरकार, राज्य सरकार और कृषविनि ने विचार किया है। 272 लाख डालर का ऋण इन तीन कार्यक्रमों के अन्तर्गत कृषविनि के माध्यम से वितरित किया गया। वर्ष के दौरान अंविसंघ से इन तीन ऋणों के बारे में की गई बातचीत के कारण कृषविनि माध्यम से दी जाने वाली कुल राशि 12000 लाख डालर होती है।

5.2 जैसे कि पिछली रिपोर्ट में चर्चा की गई है, यूनाइटेड किंगडम, सीआईडीए (कनाडा), पश्चिम जर्मनी की केएफडब्ल्यू, ईईसी, स्विटजरलैंड और नीदरलैंड जैसी अन्य अन्तर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने कृषविनि को संसाधनों की पूर्ति करने में रुचि दिखाई है और देश के ग्रामीण विकास में भी वे सम्मिलित थे। वर्ष के दौरान कृषविनि ने यू० के०, ईईसी और सीआईडीए से ऋण सहायता ली। भारत सरकार ने भी स्विटजरलैण्ड, नीदरलैण्ड और अमरीकी अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी के लिये कृषविनि के कार्यक्रमों को वित्तीय सहायता के लिये करार पर हस्ताक्षर किये। पश्चिम जर्मनी के के एफ डब्ल्यू से ऋण लेने के संबंध में हो रही बातचीत और ईईसी से और भी ऋण लेने की बात काफी आगे बढ़ चुकी है। कुल मिलाकर 1800 लाख डालर की वित्तीय सहायता दानी देशों से तीसरी कृषविनि साख परियोजना के अंतर्गत अतिरिक्त सहायता के रूप में उपलब्ध है।

5.3 जून 1980 के अंत तक, 3 सामान्य ऋण व्यवस्थाओं के अलावा, 37 परियोजनायें विश्व बैंक समूह द्वारा मंजूर की गई है। जिनके लिये खेती विकास योजना हेतु कृषविनि के माध्यम से ऋण वितरित किया जा रहा है। इसमें 12 कृषि साख परियोजनायें, के कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजनायें, 3 डेरी विकास परियोजनायें, 3 बीज परियोजनायें, 3 मत्स्यपालन परियोजनायें, 2 बाजार केन्द्र परियोजनायें, 2 बागवानी विपणन परियोजनायें, 2 सिंचाई परियोजनायें, एक समन्वित रुई विकास परियोजना, एक बहुराज्यीय काजू परियोजना तथा एक रेशम उत्पादन परियोजना शामिल है।

प्रयोजनवार ऋण वितरण कार्यक्रम से संबंधित विवरण अब तक किया गया वितरण तथा सभी परियोजनाओं के अंतर्गत चुकाई गई प्रतिपूर्ति की राशि और जून 1980 तक प्रतिपूर्ति के लिये अंविसंघ से प्राप्य ऋण की राशि सारणी 15 में दी गई है।

5.4 पृथक् परियोजनाओं का संक्षिप्त ब्यौरा विवरण 11 में दिया गया है तथा कुल ऋण वितरण कार्यक्रम और अन्य परियोजनाओं से संबंधित आंकड़े, वितरण और अन्य विवरण, सारणी 12 में दिये गये हैं।

5.5 अंविसंघ के 6000 लाख डालर ऋण की 14 परियोजनायें जून 1980 तक पूर्ण रूप से कार्यान्वित की गई। इसमें 10 कृषि साख परियोजनायें, 2 सामान्य पंक्ति की ऋण व्यवस्थाएं, 1 बाजार केन्द्र परियोजना और 1 बीज परियोजना समाविष्ट है। अंविसंघ द्वारा वित्तपोषण की जाने वाली विभिन्न वर्ग की परियोजनाओं का संक्षिप्त ब्यौरा नीचे दिया गया है।

(क) कृषविनि (सामान्य व्यवस्था) साख परियोजना

5.6 कृषविनि की पहली (सामान्य व्यवस्था) साख परियोजना जून 1977 को सफलतापूर्वक सम्पन्न की जा चुकी है, अगले कार्यक्रमों के अनुसार कृषविनि की दूसरी (सामान्य व्यवस्था) साख परियोजना

सारणी—15 अंविसंघ/अंपुवि बैंक परियोजनाएं —प्रयोजनवार

(करोड़ रुपये)

प्रयोजन	अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ के ऋण का उपयोग करने के लिये आवश्यक वितरण	कृपुविनि के कार्यक्रम के लिये अंविसंघ/अंपुवि बैंक की सहायता की राशि	30 जून 1980 तक कृपुविनि द्वारा दिया गया पुनर्वित्त	30 जून 1980 तक अंविसंघ अंपुवि बैंक द्वारा भारत सरकार के माध्यम से वितरित राशि	अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ से ऋण के लिये पात्रता प्राप्त राशि (लाख डालर)
1. लघु सिंचाई	1230.9	680.5	787.2		598.0
2. भूमि विकास	11.7	8.3	5.8	488.2	3.8
3. कृषि मशीनीकरण	93.3	57.3	64.9		39.1
4. बाजार केन्द्र विकास	23.8	17.2	21.3	14.6	19.6
5. नष्ट हो रही बागवानी परियोजना का अभिसंस्करण और विपणन	14.3	12.6	2.0	–	2.3
6. डेरी विकास	41.1	33.6	0.1	–	–
7. कमाण्ड क्षेत्र विकास	68.6	46.5	9.6	5.3	5.8
8. बीज उत्पादन	51.0	35.9	2.2	1.9	1.3
9. विविध प्रयोजन** (जैसे वृक्ष की फसलें, मुर्गीपालन)	194.4	103.0	105.8	36.1	59.3
10. मछली पालन विकास	28.7	15.5	1.5	–	0.9
11. रुई विकास और अभिसंस्करण †	16.1	10.3	6.3	3.2	5.7
	1773.9	1020.7	1006.7	549.3@	735.8@

**इसमें केरल की बागान फसलों का विकास शामिल है।

†इसमें समन्वित रुई विकास परियोजना के अधीन सुधारित किस्म की रुई पैदा करने के लिये निर्धारित 75 लाख डालरों का अल्पावधि ऋण शामिल है।

@इसमें 1540 लाख डालर सीमा तक दानी देशों का ऋण शामिल नहीं है।

जुलाई 1977 को आरम्भ हो चुकी है। इस परियोजना के लिये भी दिसम्बर 1979 तक संपूर्ण ऋण वितरण किया जा चुका है। कृपुविनि की दूसरी (सामान्य व्यवस्था) साख परियोजना के अधीन कुल वितरण 312 करोड़ रुपये था, जो कि 2000 लाख डालर के निर्धारित ऋण को समा लेने के लिये आवश्यक वितरण से लगभग 15 करोड़ रुपये अधिक था। कृपुविनि (सामान्य व्यवस्था) की तीसरी साख परियोजना के अधीन अतिरिक्त वितरण को समाश्रित किया गया है। कृपुविनि की दूसरी (सामान्य व्यवस्था) परियोजना के अंतर्गत आहरित 2000 लाख डालर में लघु सिंचाई के लिये 81 प्रतिशत अर्थात् 1672 लाख डालर खर्च किये गये। विविध प्रयोजनों के लिये 320 लाख डालर का ऋण निर्धारित किया गया था और 8 लाख डालर का ऋण प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिये वितरित किया गया। विविध राज्यों की परियोजनाओं के अधीन पुनर्वित्त सहायता के वितरण में अधिक समानता लाना संभव हो सका। 22 राज्य और संघ शासित क्षेत्र इस योजना से लाभान्वित हुए। तीसरी (सामान्य व्यवस्था) साख परियोजना 2 जनवरी, 1980 को लागू हुई और कार्यान्वयन प्रगति पर है। जून 1980 के अंत तक कृपुविनि द्वारा 139.7 करोड़ रुपये का वितरण किया गया। इससे कृपुविनि 842 लाख डालर ऋण लेने का हकदार होगा। वितरण की यह राशि जून 1980 तक आहरण के बारे में अंविसंघ द्वारा अंदाज लगाए गए 50 लाख डालर से करीब 340 लाख डालर तक ज्यादा हो गई।

(ख) राज्य कृषि साख परियोजनायें

5.7 पृथक रूप से गुजरात, हरियाणा, पंजाब, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार आदि राज्यों के लिये कृषि साख परियोजनाओं के अंतर्गत मंजूर किया गया ऋण पूर्णतः वितरित किया गया। इन परियोजनाओं में कृपुविनि के कुल वितरण की समग्र राशि 372.8 करोड़ रुपये रही, जिसमें अंविसंघ का 3110 लाख डालर का ऋण भी शामिल है। इस समय पश्चिम बंगाल कृषि विकास परियोजना और केरल कृषि विकास परियोजना कार्यान्वित की जा रही है। पश्चिम बंगाल कृषि विकास परियोजना के अंतर्गत वित्तीय संस्थाओं से जून 1980 के अंत तक 23.7 करोड़ रुपये का वितरण किया गया। इससे 157 लाख डालर ऋण की पात्रता प्राप्त हो जाती है। उथले नलकूपों के कार्यक्रमों का विकास संतोषजनक है। आरंभ में, पश्चिम बंगाल के 6 जिलों में कार्यान्वित होने वाले इस घटक को अब संपूर्ण राज्य में विस्तारित किया गया है। गहरे नलकूप कार्यक्रम, कृषि सेवा केन्द्रों की स्थापना और बाजार केन्द्रों के विकास कार्य धीमी गति से चल रहे हैं। परियोजना की समाप्ति की तिथि बढ़ाकर मार्च 1981 कर दी गई है। केरल कृषि विकास परियोजना में नारियल के पेड़ लगाने के कार्य में उत्साह कम दिखाई पड़ता है। कुछ घटकों में आवश्यक परिवर्तन करना, नये क्षेत्रों को शामिल करना इत्यादि कार्यों के साथ इसे नये सिरे से शुरू करना है। इस संबंध में राज्य सरकार को कुछ प्रस्ताव तैयार करने हैं। इस परियोजना के अधीन कृपुविनि ने जून 1980 के अंत तक 1.85 करोड़ रुपये का वितरण किया है।

(ग) कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजनायें

5.8 इस समय 7 कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजनायें विश्व बैंक समूह की सहायता से चल रही हैं और इनमें क्षेत्रों के विकास के लिये कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम के माध्यम से ऋण दिया जा रहा है। इन परियोजनाओं में एक-एक आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, और उड़ीसा में और दो राजस्थान में है। आंध्र प्रदेश सिंचाई और कमाण्ड क्षेत्र विकास संयुक्त परियोजना के लिये कृपुविनि ने जून 1980 के अंत

तक करीब 2 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया। यह विधान बनाने का कार्य कि कमाण्ड क्षेत्र के कृषकों को अपनी जोत को योजनाबद्ध तरीके से एक लेवल पर लाना होगा ताकि जोतना आसान हो सके, हाल ही में भारत सरकार ने पूरा किया है और राज्य विधायिका में यह बिल शीघ्र ही पेश किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रत्याशित सफलता इसलिये नहीं मिल सकी कि कुछ कृषक अच्छे लेवलिंग के लिये पैसा देने को राजी नहीं हुए और क्षेत्र पर्यवेक्षण प्रभार के भुगतान की जरूरत के संबंध में कमाण्ड क्षेत्र के कुछ अन्य किसानों को उचित तरीके से समझाना अभी बाकी है। कर्नाटक सिंचाई परियोजना में, कमाण्ड क्षेत्र विकास अभिकरणों को सांविधिक निकाय बनाते हुए, कर्नाटक कमाण्ड क्षेत्र विकास अधिनियम, 1980 पारित किया गया है। राज्य सरकार ने भी पांच कमाण्ड क्षेत्र विकास अभिकरण स्थापित किए हैं और उसके नियम बनाये जा रहे हैं। मध्य प्रदेश चम्बल कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजना के अधीन कृषुविनि ने 39 योजनायें समाप्त की हैं। इस परियोजना के अधीन 0.24 लाख रुपये का अंतरिम वित्त वितरित किया गया। अपर्याप्त फसल क्षतिपूर्ति और पर्याप्त मशीनरी के अभाव के कारण परियोजना की प्रगति धीमी रही। परियोजना की समाप्ति की तारीख बढ़ाकर जून 1981 कर दी गई है।

5.9 महाराष्ट्र में वित्तपोषक संस्थाओं ने 97 लाख रुपये अंतरिम वित्त के रूप में वितरित किये हैं और कृषुविनि से 69 लाख रुपये का पुनर्वित्त आहरित किया है। इस परियोजना के कार्यान्वयन से संबंधित अड़चनों का पता लगाया गया है और भविष्य में प्रगति की आशा है।

5.10 राजस्थान नहर कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजना में राजस्थान भूमि विकास निगम ने सहभागी बैंकों से 7.8 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्राप्त की है, जिसके बदले में सहभागी बैंकों ने 6.2 करोड़ रुपये के पुनर्वित्त का आहरण किया है। 326 चकों में यह काम पूरा हो गया है। और 889 चकों में अभी होना है। चम्बल कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजना (राजस्थान) में सहभागी बैंकों ने 89 लाख रुपये की राशि वितरित की और बैंकों ने 70 लाख रुपये का पुनर्वित्त प्राप्त किया। राजस्थान नहर कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजना में कानूनी अड़चनों और प्रक्रियात्मक कठिनाइयों के कारण कार्य की गति धीमी रही तो चम्बल कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजना (राजस्थान) में तकनीकी समस्याओं, सर्वेक्षण और प्लाटों का आयतीकरण, सहकारी संस्थाओं के अतिदेयों की बड़ी राशि, जमीन की अनधिकृत बिक्री और जमीन संबंधी रिकार्डों का न होना आदि कारणों से परियोजना की प्रगति धीमी रही।

5.11 यह बताया जाता है कि उड़ीसा सिंचाई परियोजना में कमाण्ड क्षेत्र के कृषक बैंकों से खेती के विकास के लिये ऋण लेने में उत्साह नहीं दिखा रहे हैं। खेतों पर जलनालियां अपने खर्चे से बनाने के बारे में राज्य सरकार विचार कर रही है और पानी पर अतिरिक्त कर लगाकर इसे वसूल करने की बात भी सोच रही है।

5.12 कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजना में उन कृषकों के खेतों के विकास के लिये जो विभिन्न कारणों से ऋण लेने के पात्र नहीं हैं, वित्त प्रदान करने के लिये निगम एक विशेष ऋण खाता रख रहा है जिसके लिये भारत सरकार संबंधित राज्य सरकार तथा कृषुविनि द्वारा अंशदान दिया जा रहा है। जून 1980 के अंत तक संबंधित 9 राज्यों में 8.5 करोड़ रुपये की राशि इस खाते में जमा हो चुकी है। इनमें से राजस्थान नहर कमाण्ड क्षेत्र परियोजना के अंतर्गत 1.1 करोड़ रुपये की राशि पहले ही दी जा चुकी है।

(घ) डेरी विकास परियोजना

5.13 कर्नाटक, मध्य प्रदेश और राजस्थान के लिये स्वीकृत तीन डेरी विकास परियोजनाओं में से मध्य प्रदेश और राजस्थान के परियोजना प्राधिकारियों ने भारत डेरी निगम से उसकी आसान शर्तों के कारण धन लेना पसन्द किया है। केवल कर्नाटक डेरी विकास परियोजना में संकर गायों के कार्यक्रम का वित्तपोषण कृषुविनि की पुनर्वित्त सहायता से बैंकों द्वारा किये जाने की संभावना है। जून 1980 के अंत तक कर्नाटक में कुल मिलाकर 986 डेरी विकास समितियों का पंजीकरण हुआ है, अन्य 566 समितियों का पंजीकरण अभी होना है। कर्नाटक डेरी विकास निगम, उत्तम संकर गायों को प्राप्त करने में कठिनाई महसूस कर रहा है। इससे इस परियोजना के कार्यान्वयन पर बुरा असर पड़ने की संभावना है। जून 1980 के अंत तक इस परियोजना के लिये 7 लाख रुपये का नाममात्र का वित्तपोषण किया गया।

(ङ) बीज परियोजनाएं

5.14 राष्ट्रीय बीज परियोजना के प्रथम चरण के अन्तर्गत आंध्र प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, पंजाब आते हैं। उक्त परियोजना के अंतर्गत केवल हरियाणा और पंजाब में राज्य फार्म निगम द्वारा बीज फार्म विकास के लिये एक एक योजना स्वीकार की गई है, जिसके लिये कृषुविनि का 1.1 करोड़ रुपये का वायदा था और कृषुविनि ने लाडीलाल फार्म (पंजाब) के लिये 29 लाख रुपये का पुनर्वित्त जारी कर दिया है। हरियाणा राज्य बीज निगम ने अभिसंस्करण संयंत्र लगाने के लिये सुझाव दिये हैं जो अभी बैंक द्वारा प्रवर्तित किए जाने हैं महाराष्ट्र में इसी प्रकार की परियोजना कृषुविनि के विचाराधीन है।

5.15 राष्ट्रीय बीज परियोजना चरण II के अधीन बिहार, कर्नाटक, उड़ीसा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश शामिल है। राज्य बीज निगम, उड़ीसा द्वारा दिया गया प्रस्ताव भी संयुक्त अध्ययन के लिये ले लिया गया है। बिहार राज्य बीज निगम के लिये बीज अभिसंस्करण संयंत्र व गोदाम प्रांगण की स्थापना की योजना स्वीकार की गई है जिसमें कृषुविनि की 1.45 करोड़ रुपये की पुनर्वित्त सहायता सहित 2.31 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है।

(च) मत्स्य-पालन परियोजनायें

5.16 दो समुद्री मत्स्यपालन परियोजनायें—गुजरात तथा आंध्र प्रदेश में एक-एक तथा एक अंतर्देशीय मत्स्यपालन परियोजना, जिसके अंतर्गत बिहार, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल आते हैं, का कार्यान्वयन आजकल हो रहा है। अंतर्देशीय मत्स्यपालन परियोजना मई 1980 से प्रभावी हुई है और इसमें मछली के अंडे लेने के लिये वित्तपोषण करने तथा संबंधित राज्यों के चुने हुए जिलों में मछली तालाबों में सुधार लाने के लिये ऋण दिये जाने की व्यवस्था है। करार की व्यवस्था के अनुरूप ही कृषुविनि ने एक परियोजना बैंकिंग प्लान तैयार कर ली है और इसे अप्रैल 1980 से पहले अभिसंघ को प्रेषित कर दिया है। आंध्र प्रदेश मत्स्यपालन परियोजना के कार्यान्वयन की प्रगति कुछ कम है। अभी हाल ही में राज्य सरकार ने मछुआरों के चयन की क्रियाविधि को अंतिम रूप दे दिया है। जून 1980 के अंत तक इस परियोजना के अंतर्गत कृषुविनि ने कुल 21 लाख रुपये का वितरण किया।

5.17 गुजरात मत्स्यपालन परियोजना में जून 1980 के अंत तक कृषुविनि का वितरण 1.3 करोड़ रुपये था। इस परियोजना के कार्यान्वयन में हुई धीमी प्रगति का कारण यह बताया गया है कि डोंगियां बनाने के लिये अच्छी किस्म की लकड़ी उपलब्ध नहीं थी।

(छ) बाजार केन्द्र परियोजनाएं

5.18 बिहार और कर्नाटक के लिये मंजूर की गई दो बाजार केन्द्र परियोजनाओं में से बिहार बाजार केन्द्र परियोजना के लिये, वर्ष के दौरान वितरण पूरा कर लिया गया है और अभिसंघ के 138 लाख डालर के ऋण का उपयोग कर लिया गया है। कर्नाटक थोक बाजार केन्द्र परियोजना में शुरू में सोचे गए 39 बाजार केन्द्रों को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। परियोजना को समाप्त करने की अवधि जून 1981 के अंत तक बढ़ा दी गई है। जून 1980 के अंत तक कृषुविनि का वितरण 5.5 करोड़ रुपये हुआ। वित्तपोषण के लिये परियोजना के अंतर्गत 5 और बाजार केन्द्रों को शामिल कर लिया गया है। परियोजना के अंतर्गत शामिल करने के लिये अतिरिक्त बाजारों का चयन कर लिया

गया है और कृपुविनि को भेजने के लिये परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है।

(ज) बागवानी परियोजना

5.19 हिमाचल प्रदेश सेब प्रसंस्करण और विपणन परियोजना में केवल पैकों को छोड़कर पैकिंग और श्रेणीकरण केन्द्रों जैसी सुविधायें कृपुविनि ने स्वीकृत कर दी है। 5 श्रेणीकरण और पैकिंग केन्द्र अब तक शुरू हो चुके हैं और बाकी केन्द्र शीघ्र ही शुरू कर दिये जायेंगे। हिमाचल सरकार ने भारत सरकार से अनुरोध किया है कि ऋण की समाप्ति अवधि बढ़ाकर दिसंबर 1981 कर दी जाए।

5.20 जम्मू और कश्मीर बागवानी परियोजना में कृपुविनि द्वारा बैंकिंग प्लान को जनवरी 1979 में अंतिम रूप दे दिया गया था। पैकिंग और श्रेणीकरण केन्द्रों के लिये योजनायें मंजूर की गई हैं।

(झ) सिंचाई परियोजना

5.21 हरियाणा सिंचाई परियोजना के अंतर्गत जून 1980 के अंत में कृपुविनि के वितरण 7.9 करोड़ रुपये तक पहुंच गये थे, जिससे 52 लाख डालर के ऋण की पात्रता प्राप्त हो जाएगी। जल नालियां बनाने के कार्यक्रम में भी काफी प्रगति हुई है। सीमेंट, ईंट और कोयले जैसे भवन निर्माण के सामान की कमी के कारण इस परियोजना की प्रगति काफी हद तक मंद पड़ गई है। बाजार केन्द्रों और संवर्द्धन नलकूपों जैसे अन्य घटकों की अस्तित्व प्रगति संतोषजनक थी। पंजाब सिंचाई परियोजना में जून 1980 के अंत में कृपुविनि का वितरण 5.5 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। यह परियोजना प्रगति पर है।

(ञ) समन्वित रूई विकास परियोजना

5.22 समन्वित रूई विकास परियोजना में समयानुकूल (मौसमी) ऋण खाता वर्ग के अंतर्गत कृपुविनि ने कुल 3.2 करोड़ रुपये की राशि के दावे किए हैं, जिससे इस वर्ग के लिये निर्धारित 75 लाख डालर में से निगम को 40 लाख डालर की ऋण पात्रता मिल जाएगी। 1980–81 के चालू खरीफ मौसम के दौरान और भी प्रगति होने की संभावना है। ओटाई और बीज प्रसंस्करण के लिये दीर्घावधि घटक के संबंध में हरियाणा में एक बिनौला प्रसंस्करण इकाई और दो ओटाई और दबाव इकाइयों और महाराष्ट्र में एक विलायक निस्सारण संयंत्र की स्वीकृति इस परियोजना के अंतर्गत दी गई है। परियोजना का भौतिक कार्यान्वयन संतोषजनक है और शीघ्र ही संयंत्र चालू किए जाने की संभावना है। इसके अतिरिक्त हरियाणा में तीसरा ओटाई केन्द्र और महाराष्ट्र में बीज प्रसंस्करण इकाइयां तथा विलायक निस्सारण संयंत्र कृपुविनि के विचाराधीन है।

(ट) हाल ही में तैयार हुई परियोजनाएं

5.23 एक बहुराज्यीय काजू परियोजना की बातचीत अप्रैल 1980 में पूरी की गई है, जिसमें अंतर्निवेश का कुल 220 लाख डालर का ऋण लगा हुआ है। इसके अन्तर्गत आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल और उड़ीसा शामिल हैं। इस परियोजना के बैंकिंग प्लान को अंतिम रूप दिया जा चुका है। कर्नाटक रेशम उत्पादन परियोजना (540 लाख डालर) की बातचीत भी अप्रैल 1980 में पूरी हो गई।

(ठ) चालू परियोजनायें

5.24 तीसरी कृपुविनि (सामान्य व्यवस्था) साख परियोजना दिसम्बर 1981 में समाप्त होनी है। इस परियोजना के अनुक्रम में कृपुविनि अंतर्निवेश से अपनी चौथी (सामान्य व्यवस्था) साख परियोजना के प्रस्तावों की तैयारी में लगा हुआ है।

II. अन्य अंतर्राष्ट्रीय सहायता एजेंसियों द्वारा सहायता प्राप्त परियोजनायें

(क) क्रेडिटनस्टल्ट फर वाइडराफबाऊ (के० एफ० डब्ल्यू०) द्वारा सहायता प्राप्त परियोजनायें

5.25 पश्चिम जर्मनी की के० एफ० डब्ल्यू० की सहायता से मध्य प्रदेश के होशंगाबाद जिले में कार्यान्वित की जा रही कमाण्ड क्षेत्र परियोजना के अन्तर्गत कृपुविनि ने 82 योजनाओं के अंतर्गत खेती के विकास विकास के लिए तकनीकी अनुमोदन दे दिया है। इस परियोजना के अंतर्गत 1.1 करोड़ रुपये का पुनर्वित्त वितरित किया गया है।

(ख) अन्य सहायता एजेंसियों द्वारा दी गई सहायता

5.26 वर्ष के दौरान 2.51 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खेत विकास कार्य करने के लिये राजस्थान कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजनाओं की स्वीकृति अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास निधि" ने दी; इस परियोजना के अंतर्गत 1980–81 से शुरू होने वाली 5 वर्ष की अवधि के लिये लगभग 42 करोड़ रुपये की सीमा तक कृपुविनि द्वारा पुनर्वित्त सहायता का प्रावधान है।

5.27 वर्ष के दौरान यूनाइटेड किंगडम (150 लाख पौंड) यूरोपियन इकोनोमिक कम्यूनिटी से (500 लाख डालर), की आई डी ए से (250 लाख डालर) ऋण का उपयोग किया गया। भारत सरकार ने स्विट्जरलैण्ड, नीदरलैण्ड और अमरीकी अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी (पहली किश्त) से क्रमशः 400 लाख स्विस फ्रैंक, 500 लाख डीएफ-एल और 200 लाख डालर के ऋणों के लिये करार निष्पादित कर लिये हैं। पश्चिम जर्मनी की केएफडब्ल्यू खाद परियोजना की प्रस्तावित आपूर्ति के अंतर्गत बनाई गई सहयोगी निधियों में से "ईईसी" देशों से, 800 लाख डालर का और ऋण अमरीकी अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी से और इंग्लैण्ड से भी ऋण लेने की बात काफी आगे बढ़ी हुई है।

अन्य विकास कार्य

निगरानी और समवर्ती मूल्यांकन

योजना के निरूपण, मूल्यांकन और कार्यान्वयन में सुधार लाने की दृष्टि से मूल स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की पर्याप्त जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य की पूर्ति, विभिन्न अध्ययनों के माध्यम से करने का विचार है। इन अध्ययनों को कार्यान्वयन, निगरानी अध्ययन, समवर्ती मूल्यांकन, और परवर्ती मूल्यांकन जैसी विभिन्न अनुवर्ती कार्यान्वयन के नाम दिये गये हैं। परियोजना के पूर्ण होने जैसी रिपोर्टों सहित निगम का संबंध इस प्रक्रिया में बहुत निकटता का रहा है।

6.2 किसी भी समय परिचालन के लिये दी गई विभिन्न योजनाओं के संबंध में निगरानी और समवर्ती मूल्यांकन के अध्ययन चयनात्मक आधार पर करने होंगे। इस तरह, वर्ष 1979 के दौरान निगम ने देश के विभिन्न भागों में चल रही 157 योजनाओं का परिवीक्षण/समवर्ती मूल्यांकन किया है। इन अध्ययनों के निष्कर्षों से कार्यान्वयन करने वाले बैंकों को अवगत करा दिया गया है। इसके अतिरिक्त विश्व बैंक के कहने पर निगम ने आंध्र प्रदेश में पोचम्पड सिंचाई परियोजना के चुने हुए क्षेत्रों में चूनी जल पूर्ति प्रणाली (वाराबन्दी) का परीक्षण और मूल्यांकन कार्य पूरा कर लिया है।

6.3 वर्ष दर वर्ष स्वीकृत की जा रही योजनाओं के कारण निगम अपनी योजनाओं की योजना उन्मुख निगरानी से जिला उन्मुख निगरानी (जि० उ० नि०) में बदलने का प्रस्ताव करता है। नए प्रस्तावों के अनुसार भौगोलिक क्षेत्र इकाई होगा और विभिन्न क्षेत्रों एवं सभी बैंकों से संबंधित योजनाओं का परिवीक्षण किया जाएगा। चूंकि जिला उन्मुख निगरानी का विचार नया है। इसलिये योजना की संभावना का जायजा लेने और इस उद्देश्य के लिये अपेक्षित मार्ग निर्देश तैयार करने के लिये प्रारंभिक अध्ययन करना उचित समझा गया है। ऐसे अध्ययन में विभिन्न क्षेत्रों के निवेश शामिल होंगे और इसमें एक से अधिक बैंकों के कार्यकलाप शामिल होंगे। अपेक्षित कार्यक्षमता और जनशक्ति में भी अन्तर आ सकता है। तदनुसार, दो प्रारंभिक अध्ययन, एक आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में और दूसरा उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में शुरू किया/पूरा किया गया है।

परियोजना समाप्ति रिपोर्टें

6.4 निगम के स्टाफ ने अब तक 10 परियोजना समाप्ति रिपोर्टें पूरी कर ली हैं; इनमें से 9 प्रत्येक राज्य से संबंधित कृषि ऋण परि-

योजना और पहली कृपुविनि साख परियोजना है और इन्हें अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ को प्रस्तुत कर दिया गया है। बिहार कृषि साख परियोजना और दूसरी कृपुविनि साख परियोजना से संबंधित परियोजना समाप्ति रिपोर्टें तैयार करने का कार्य वर्ष के दौरान ऐसी सूचनायें इकट्ठी करने के साथ शुरू किया गया था, जिन पर विशेष ध्यान दिया जाए। बिहार परियोजना समाप्ति रिपोर्ट के संबंध में निगम ने बिहार राज्य भूमि विकास बैंक और इसमें भाग लेने वाले अन्य वाणिज्य बैंकों की सहायता से खेतलाभ सर्वेक्षण पहले ही पूरा कर लिया है। इसके आंकड़ों का संसाधन एवं सारणीबद्ध करने का कार्य हाथ में है। दूसरी कृपुविनि साख परियोजना के मामले में कोई क्षेत्र सर्वेक्षण नहीं किया गया है। निगम और वित्तपोषक बैंकों में पहले से ही उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर परियोजना समाप्ति रिपोर्ट तैयार की जा रही है। अन्य अध्ययनों के संबंध में पहले किये गये सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों को इनके साथ जोड़ दिया जाएगा।

6.5 विभिन्न अध्ययनों से पता चलता है कि परियोजना का मुख्य उद्देश्य अर्थात् "सिंचाई के विस्तार से कृषि-उपज में वृद्धि" प्राप्त कर लिया गया है और कृषकों को वित्तीय लाभ सन्तोषजनक रहा है। ऋण देने के तरीके में भी पर्याप्त सुधार के लक्षण दिखाई दिये हैं। अध्ययनों से यह भी पता चलता है कि अपेक्षित लघु कृषकों को शामिल करने का उद्देश्य भी पूरा हो गया है। कुछ राज्यों में ऋण देने की वाणिज्य बैंकों द्वारा आरम्भ की गई बहु-अभिकरण पद्धति की योजना लाभकारी सिद्ध हुई है, क्योंकि इससे परियोजनाओं का शीघ्र कार्यान्वयन हुआ है।

मूल्यांकन

6.6 दो मूल्यांकन अध्ययनों अर्थात् कर्नाटक में कॉफी बागान की योजना और महाराष्ट्र में लिफ्ट सिंचाई योजना पर रिपोर्टों को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। वर्ष के दौरान निगम ने राजस्थान के कोटा जिले की सांगोड पंचायत समिति में एक लघु सिंचाई योजना का मूल्यांकन अध्ययन किया है। इसका क्षेत्र-सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है और आंकड़ों का विश्लेषण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त विविध निवेशों से संबंधित दो और योजनाओं के मूल्यांकन का आरम्भिक कार्य शुरू किया गया है, ये हैं—कर्नाटक में अंगूर पैदा करने और आंध्र प्रदेश में भेड़ प्रजनन से संबंधित योजनाओं में निवेश करना।

प्रकाशन

6.7 वर्ष के दौरान निगम ने निम्नलिखित प्रकाशन (अंग्रेजी में) निकाले हैं:

1. अपनी मिट्टी जानिए
2. सिंचित कृषि
3. फरवरी-दिसम्बर, 1979 के दौरान जारी किये गये परिपत्र

अनुसंधान एवं विकास कोष

6.8 गहन अध्ययन के माध्यम से ग्राम विकास समस्याओं के बारे में नई जानकारी प्राप्त करने के लिये कार्य-उन्मुख अनुसंधान परियोजनाओं में लगे हुए सदस्य बैंकों सहित अन्य संस्थाओं/संगठनों को सहायता देने और विशेषकर भूमि विकास बैंकों में परियोजना तैयार करने, आंकड़े परिवीक्षण और मूल्यांकन करने के लिये तकनीकी कक्ष बनाकर उनकी कार्यक्षमता मजबूत करने के विचार से निगम ने 1977–78 के दौरान अनुसंधान एवं विकास कोष स्थापित किया था। निगम उच्चस्तरीय तकनीकी स्टाफ के वेतन जैसे प्रमुख मदों पर होने वाले खर्चे का लगभग 50 प्रतिशत अनुदान आधार पर देने के लिये सहमत हो गया है। यह अनुदान दी हुई अवधि के हिसाब से दिया जाएगा जिससे संबंधित संस्था खर्च वहन करने में समर्थ हो सकेगी। अब तक कुछ राज्य भूमि विकास बैंकों ने अपने प्रस्ताव प्रस्तुत कर दिये हैं जो विचाराधीन है।

6.9 यह कोष एक विशेष समिति की देख रेख में कार्य कर रहा है, जिसमें अन्यों के अतिरिक्त एक कृषि अर्थशास्त्री एक कृषि प्रशासक और एक कृषि वैज्ञानिक शामिल है। इस समिति की एक बैठक हो चुकी

समितियां कार्यकारी दल अध्ययन आदि

6.10 कृपुविनि ने दो समितियों का गठन किया है इनमें से एक सितम्बर 1978 में योजना में सिंचाई के पम्पसैटों की मांग का अनुमान लगाने और पम्पसैटों के लिये ऋण देने वाली संस्थाओं द्वारा अपनाई गई नीतियों एवं प्रक्रियाओं की जांच करने और दूसरी का गठन मार्च 1978 में भूमिगत जल का उपयोग करने की समस्या का अध्ययन करने के लिये किया गया था। पहली समिति ने अपनी रिपोर्ट अगस्त, 1979 में प्रस्तुत की। इस समिति ने अनुमान लगाया कि 1978–83 की अवधि में पम्पसैटों की कुल मांग 30 लाख होगी। इसमें 18 लाख बिजली की मोटरें और 12 लाख डीजल इंजन होंगे। इस समिति ने उक्त अवधि में 3 लाख बिजली के पम्पसैटों को बदलने की मांग का भी अनुमान लगाया।

6.11 भूमिगत जल के उपयोग करने संबंधी समिति ने भी अपनी रिपोर्ट जनवरी, 1980 में प्रस्तुत कर दी है। जांच के आधार पर समिति ने भूमिगत जल के उपयोग के नए निष्कर्ष प्रस्तुत किये हैं। निगम ने इस समिति की सिफारिशें सामान्यतया स्वीकार कर ली है और अनुवर्ती कार्रवाही हो रही है।

6.12 भारतीय रिजर्व बैंक ने अप्रैल, 1977 में विशेषकर भूमि विकास बैंकों के सन्दर्भ में कृषि ऋण पर ब्याज की दर के संबंध में एक समिति का गठन किया था। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट अक्तूबर 1979 में प्रस्तुत की थी। इस समिति की सिफारिशों पर भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक विचार कर रहा है।

6.13 बढ़ती हुई कीमतों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न मदों की इकाई कीमत में उपयुक्त परिशोधन करने के लिये भारतीय रिजर्व बैंक को समय-समय पर प्रतिवेदन प्राप्त हुए थे। इस प्रश्न पर विचार करने के लिये निगम ने प्रमुख राज्यों में उपयुक्त आधार पर समितियों का गठन किया है, जिनमें संबंधित राज्य में कृपुविनि के प्रधान कार्यालय के महाप्रबन्धक अथवा वरिष्ठ निदेशक अध्यक्ष हैं और निगम के क्षेत्रीय निदेशक/वरिष्ठ निदेशक सदस्य सचिव हैं तथा प्रत्येक राज्य सरकार और राज्यों एवं राज्य भूमि विकास बैंकों में काम करने वाले प्रमुख वाणिज्य बैंकों से एक-एक प्रतिनिधि हैं। ये समितियां विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत इकाई लागत में परिशोधन हेतु सदस्य बैंकों के प्रस्तावों को जांचेगी, जिससे निगम का प्रधान कार्यालय निर्णय ले सके।

कार्यशालाएं और सेमिनार

6.14 निगम ने सरकार और वित्तपोषक बैंकों के कर्मचारियों के लाभ के लिये परियोजना निरूपण, मूल्यांकन, अनुवर्ती कार्यवाही आदि की तकनीकी जानकारी देने के लिए भुवनेश्वर में दो कार्यशालाओं का आयोजन किया।

6.15 निगम ने वर्ष के दौरान दो सेमिनारों का भी आयोजन किया। एक सेमिनार पम्पसैटों में गुणनियंत्रण पर अगस्त, 1979 में पुणे में आयोजित की, जिसमें पम्पसैटों में तकनीकी सुधार, किसानों द्वारा पम्पसैटों का चयन करने और पम्पसैट के लगाने तथा लगाने के बाद देख-रेख के संबंध में बताया गया था। इस सेमिनार में भारत सरकार, राज्य सरकारों बैंकों, भारतीय मानक संस्थान, ग्रामीण विद्युत् निगम आदि के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। दूसरी सेमिनार का आयोजन पंचवर्षीय योजना कार्यक्रम में विभिन्न बागान कार्यक्रमों के लिये संस्थागत वित्त, विभिन्न जिस बोर्डों से अपेक्षित सहायता लघु कृषकों की समस्याओं पर विचार करने के लिये दिसम्बर, 1979 में बेंगलूर में किया गया था। इस सेमिनार में अन्यों के अतिरिक्त भारत सरकार, योजना आयोग, जिस बोर्डों, भूमि विकास बैंकों और वाणिज्य बैंकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

6.16 कृषि विकास परियोजनाओं के कार्यान्वयन में प्रगति का जायजा लेने के लिये भारत सरकार ने क्षेत्रीय बैठकों का आयोजन करने का निर्णय लिया है, जिसमें कृपुविनि भाग लेगा। कृपुविनि के अधिकारियों ने कलकत्ता में हुई पूर्वी क्षेत्र और मद्रास में हुई दक्षिणी क्षेत्र की बैठकों

में भाग लिया। इन बैठकों में तीसरी कृषुविनि साख परियोजना के अन्तर्गत योजनाओं के कार्यान्वयन में प्रगति की समीक्षा की गई।

प्रशिक्षण

(i) सेमिनार और मध्यस्तरीय स्टाफ

6.17 वर्ष के दौरान 18 कृषि परियोजना पाठ्यक्रमों का आयोजन कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, पुणे में किया गया, जिसमें 542 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। इसके अतिरिक्त, एक क्षेत्रीय कृषि परियोजना पाठ्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ और मध्यस्तरीय अधिकारियों के लिये बंगलूर में किया गया था। इसमें राज्य सरकारों, राज्य भूमि विकास बैंकों और दक्षिणी क्षेत्र के वाणिज्य बैंक के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वरिष्ठ और मध्यस्तरीय अधिकारियों के लिये अब तक 95 प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का आयोजन किया गया है जिनमें 2615 (1047 भूमि बैंकों 989 वाणिज्य बैंकों से और 579 भारतीय रिजर्व बैंक और राज्य सरकारों से) कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया है।

(ii) कनिष्ठ स्तरीय भूमि विकास बैंक स्टाफ

6.18 निगम के मार्ग निर्देशों पर राज्य भूमि विकास बैंकों द्वारा संचालित कनिष्ठ स्तरीय भूमि विकास बैंक स्टाफ प्रशिक्षण कार्यक्रम चौथे वर्ष में भी जारी रहा। वर्ष में 4256 अधिकारियों के लिये 14 राज्य भूमि विकास बैंकों द्वारा चलाए गए 174 पाठ्यक्रमों सहित अब तक आयोजित किये गये कुल पाठ्यक्रमों की सं० 656 हो गई है, जिनमें 16308 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है।

6.19 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के पर्यवेक्षण के विचार से कृषुविनि के अधिकारियों ने इस वर्ष के दौरान 13 प्रशिक्षण केन्द्रों का निरीक्षण किया। कनिष्ठ स्तरीय स्टाफ के लिये पुनश्चर्या पाठ्यक्रम चालू करने का प्रस्ताव विचाराधीन है।

(iii) अन्य प्रशिक्षण व्यवस्थायें

6.20 कृषुविनि ने विदेशों के दर्शक-अधिकारियों के लिये अध्ययन की सुविधायें प्रदान की हैं। वर्ष के दौरान, श्रीलंका, इथियोपिया, अफगानिस्तान और अन्य अफ्रीकी एशियाई देशों के 40 अधिकारियों को ऐसी सुविधायें प्रदान की गई हैं। इसके अतिरिक्त राज्य सरकारों, भूमि विकास बैंकों के 173 कर्मचारियों को भी इस तरह की सुविधायें दी गई हैं।

6.21 देश में प्रबन्ध संस्थानों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों/सेमिनारों में भाग लेने के लिये निगम ने अपने 25 अधिकारियों को भेजा है।

6.22 निगम ने प्रधान कार्यालय में सहायक विकास अधिकारियों के लाभ के लिये संवाधधि में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भी किया था।

7. भावी संभावनाएं

निगम का उद्देश्य पंचवर्षीय योजना से अपने विकास कार्यक्रमों का गठजोड़ करना है। निगम की भावी संभावनायें छठी पंचवर्षीय योजना (1980–85) पर अधिकतर निर्भर करती हैं। इस योजना को भारत सरकार अब तैयार कर रही है/अन्तिम रूप दे रही है। इस योजना का उद्देश्य कृषि और उद्योग में वर्तमान आधारिक संरचना से कुल आर्थिक लाभ की आशा 5 प्रतिशत की दर से है। विकास की नीति का मुख्य उद्देश्य आत्मनिर्भर अर्थ व्यवस्था का निर्माण करना है, जिसमें विशेषकर ग्रामीण और शहरी गरीबों के जीवन-स्तर को ऊंचा उठाना होगा। इस संबंध में भूमिहीन मजदूरों, लघु और सीमांत किसानों और अन्य कमजोर वर्ग की समस्याओं पर अधिक जोर दिया जाएगा। जब योजना के दस्तावेजों को अन्तिम रूप दे दिया जाएगा, तब कृषुविनि के कार्यक्रमों पर फिर से नई दृष्टि डालनी जरूरी होगी। कृषुविनि (i) आर्थिक वृद्धि में पूंजी के सही उपयोग को सुनिश्चित करने; (ii) अधिकतम कृषि उत्पादन; (iii) नियोजन के अवसर बढ़ाने; (iv) कमजोर वर्गों के लिये अधिक से अधिक आर्थिक सहायता मुहैय्या कराने के दृष्टिकोण से आर्थिक स्रोतों को न्यायोचित वितरण करने और (v) 20 सूत्री कार्यक्रम से संबंधित पहलुओं को प्रोत्साहन देने जैसे राष्ट्रीय लक्ष्यों के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने के लिये सक्षम है।

कृषुविनि के संभावी ऋण कार्यक्रम

7.2 निगम के संभावी ऋण कार्यक्रम और परिचालन नीतियां तथा पद्धतियां उपर्युक्त पृष्ठभूमि के आधार पर तैयार की गई हैं। लघु सिंचाई परियोजनाओं और एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के माध्यम से आने वाले वर्षों में मुख्य मुख्य उद्देश्यों की प्राप्ति होती रहेगी। कृषि उपज और रोजगार बढ़ाने की नीति के बुनियादी आधार-सिंचाई में विस्तार करना होगा। 1980–85 की अवधि के लिये संभावी ऋण कार्यक्रम को 3,000 करोड़ रुपये के लगभग आंका गया है। पिछले अनुभवों और बढ़ते हुए ऋण में प्रतिबन्ध को ध्यान में रखते हुए कृषुविनि के वितरण में 1981 से 1985 के दौरान 12½ से 15 प्रतिशत की दर से वृद्धि का अंदाजा लगाया गया है। इस कार्यक्रम की सतत समीक्षा की जाएगी।

7.3 परियोजित कार्यक्रम की सफलता मुख्य रूप से विकास में तेज गति लाने के लिये आधारिक संरचना पर निर्भर करती है। बैंक के लिये व्यवहार्य परियोजनाओं का निरूपण करने और उनकी जानकारी देने के लिये तकनीकी एवं विस्तार सेवाओं और प्रशिक्षित स्टाफ उपलब्ध कराने के लिये कदम उठाए जा रहे हैं। इस संबंध में कृषुविनि केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों एवं वित्तपोषक संस्थाओं को सक्रिय सहयोग देगा।

विकास की नीति

